पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 20 ◆ रायपुर 20 अप्रैल 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### प्रथम चरण का मतदान लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है

# अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है : पीएम मोदी

## अमरोहा का एक ही स्वर है- फिर एक बार मोदी सरकार

अमरोहा । देश में लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार अभियान जोर-शोर से जारी है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विरोधियों पर निशाना साधा और क्रिकेटर मोहम्मद शमी की तारीफ की।

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले चरण का मतदान हो रहा है। ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरूर करें। और विशेषकर मैं



अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं कि वे ऐसा मौका जाने न दें, वो अवश्य वोट करें। पीएम मोदी ने कहा कि अमरोहा की एक ही थाप है- कमल छाप! और अमरोहा का एक ही स्वर है- फिर एक बार मोदी सरकार। अमरोहा केवल ढोलक ही नहीं, देश का डंका भी बजाता है। क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वो पूरी दुनिया ने देखा। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने उन्हें अर्जुन अवार्ड दिया है और सीएम योगी की सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रही है। हमारे देश में पहले की सरकारें सामाजिक न्याय के नाम पर एससी/एसटी और ओबीसी को सिर्फ धोखा ही देती रही। जो सपना ज्योतिबा फुले जी का था जो सपना बाबा साहेब अंबेडकर का था जो सपना चौधरी चरण सिंह जी का था सामाजिक न्याय का वो सपना अब मोदी पूरा कर रहा है। अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का ये क्षेत्र अपने मेहनती किसानों के लिए भी जाना जाता है। कांग्रेस, सपा, बसपा सरकारों में यहां किसानों की समस्याओं को न सुना जाता था, न देखा जाता था और न ही उनकी परवाह की जाती थी।

### लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है

*पीएम मोदी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। इस चुनाव में आप का एक एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करने वाला है। भाजपा गांव, गरीब के लिए बड़े विजन और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है। लेकिन इंडी गठबंधन के लोगों की सारी शक्ति गांव, देहात को पिछड़ा बनाने में लगती है। इस मानसिकता का सबसे बड़ा नुकसान अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों को उठाना पड़ा है।भाजपा सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना और मुद्रा योजना का लाभ भी यहां के साथियों को हो रहा है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में जो हुआ है, वो तो अभी केवल एक ट्रेलर है। अभी तो हमे उत्तर प्रदेश और देश को बहुत आगे लेकर जाना है।*

### छत्तीसगढ़ के पांच जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार

भीषण गर्मी से लोगों का बुरा हाल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान 43 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। आने वाले दिनों में दो डिग्री पारा बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली हुई है। साथ ही भीषण गर्मी पड़ रही है। हालांकि द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेश के एक-दो जगहों पर बूंदाबांदी हुई है। वहीं राजधानी रायपुर समेत पांच जिलों का तापमान 40 डिग्री से पार हो गया है। लोग भीषण गर्मी से परेशान है। मौसम विभाग के अनुसार, समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर दक्षिण विदर्भ से मराठवाड़ा और उत्तर आंतरिक कर्नाटक होते हुए दक्षिण आंतरिक तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके प्रभाव प्रदेश के एक-दो जगह पर बूंदाबांदी हुई है। साथ ही मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं आगामी दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है। इससे भीषण गर्मी और झुलसाने वाली धूप का सामना करना पड़ सकता है।

#### अभी और बढ़ेगा पारा

मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि प्रदेश में आगामी तीन दिनों में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है। इसके बाद तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के पांच जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से पार हो चुका है।

# 21 राज्यों की 102 सीटों पर हुआ मतदान

## छत्तीसगढ़ की एक सीट - बस्तर में 63.41 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली।** देश भर के 21 राज्यों में कुल 102 लोकसभा सीटों के लिए पहले चरण का चुनाव खत्म हो चुका है। इस दौरान शाम 6 बजे तक पूरे देश में 59.71 फीसदी चुनाव हुए। बता दें कि आज कई राज्यों में शाम 5 बजे तक भी चुनाव हुए।

इसमें अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम शामिल है। चिंता की बात ये भी है कि बिहार जैसे बड़े राज्य में मात्र 46.32 फीसदी ही वोटिंग हो पाई। इसके अलावा बंगाल में 77.55 फीसदी वोटिंग हुई।

पहले चरण में 1600 से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में थे। इस दौरान देश भर के लगभग 9 सेंट्रल मिनिस्टर, 2 पूर्व सीएम और 1 पूर्व राज्यपाल



शामिल थे। इस तरह से इन लोगों की किस्मत EVM मशीन कैद हो गई। इलेक्शन कमीशन की रिपोर्ट के मुताबिक पहले फेज में 16.63 करोड़ से ज्यादा वोटर्स ने भाग लिया। इसमें से 8.4 करोड़ पुरुष और 8.23 करोड़ महिला वोटर्स थे।

### विधानसभावार वोटिंग प्रतिशत

बस्तर -72.81 प्रतिशत
बीजापुर - 41.62 प्रतिशत
चित्रकोट - 73.49 प्रतिशत
दंतेवाडा - 67.02 प्रतिशत
जगदलपुर - 65.04 प्रतिशत
कोंडागांव - 72.01 प्रतिशत
कोंटा - 51.19 प्रतिशत
नारायणपुर - 62. 28 प्रतिशत

### कितना हुआ मतदान

**बिहार:** 46.32 फीसदी
**अंडमान और निकोबार:** 56.87 फीसदी
**अरुणाचल प्रदेश:** 63.26 फीसदी
**असम:** 70.77 फीसदी
**जम्मू और कश्मीर:** 65.08 फीसदी
**छत्तीसगढ़:** बस्तर 63.41 फीसदी
**लक्षद्वीप:** 59.02 फीसदी
**महाराष्ट्र:** 54.85 फीसदी
**मध्य प्रदेश:** 63.25 फीसदी
**मेघालय:** 69.91 फीसदी
**मणिपुर:** 67.46 फीसदी
**नागालैंड:** 55.75 फीसदी
**मिजोरम:** 52.62 फीसदी
**राजस्थान:** 50.27 फीसदी
**पुडुचेरी:** 72.84 फीसदी
**तमिलनाडु:** 62.02 फीसदी
**सिक्किम:** 67.58 फीसदी
**उत्तर प्रदेश:** 57.54 फीसदी
**त्रिपुरा:** 76.10 फीसदी
**पश्चिम बंगाल:** 77.57 फीसदी
**उत्तराखंड:** 53.56 फीसदी।

# सिध्दांतों के प्रति अडिग रहने वाले व्यक्तित्व थे राम कुमार जी दीवान- शिवरतन शर्मा

## पूर्व मंडल अध्यक्ष की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आज के भौतिकवादी युग मे जहां स्वंय की सुख सुविधा लाभ एवं हानि अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखती है,ऐसे समय मे कुछ ऐसे व्यक्तित्व भी समाज के समक्ष ऐसे उदाहरण प्रस्तुत कर जातें है जो समाज के लिए प्रेरणा का सबब बनते है,रामकुमार जी दीवान ऐसे ही व्यक्तित्व थे जिन्होनें सिद्धान्तों की पतवार से अपनी जीवन नैया को चलायी एवं विकट से विकट परिस्थिति मे भी उन्हे अपने सिद्धान्तों से समझौता गंवारा नहीं हुआ।

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी के संघर्ष के दिनों के अहम कर्णधार राम कुमार जी का पूरा जीवन उद्देश्यों एवं सिध्दांतों को समर्पित जीवन रहा,कुछ समय से वे अस्वस्थ थे एवं 83वर्ष की आयु मे उन्होने



अंतिम सांस ली,वे वरिष्ठ पत्रकार भूपेश धर दीवान के पिता एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता तुषार धर दीवान के दादा थे।

अंतिम संस्कार मे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा राकेश तिवारी राजा कामनानी के द्वारा भाजपा के प्रतीक ध्वज उनके पार्थिव देह पर अर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया,अंतिम यात्रा मे कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष आलोक मिश्रा नगर के प्रतिष्ठित गण एवं पत्रकार गण शामिल हुए,श्रद्धासुमन अर्पण के अवसर पर विभिन्न जनों ने अपने विचार व्यक्त किये एवं उनके साथ अनुभवों को साझा करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी ,इसी कड़ी मे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा द्वारा राम कुमार जी दीवान के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होने कहा कि दीवान जी सिद्धान्तों पर अडिग रहने वाले व्यक्ति थे,तात्कालिक लाभ के लिए उन्होने कभी भी सिद्धान्तों से समझौता नहीं किया,परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की परमात्मा से शक्ति प्रदान करने की कामना के साथ उपस्थित जनों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

# सेन समाज का कार्यक्रम संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** गत दिनो गायत्री मंदिर परिसर मे सेन समाज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक इंद्र साव उपस्थित थे। इस दौरान इंद्र साव ने कहा कि सेन समाज सेवाभावी समाज है समाज मे व्याप्त कुरीतियों एवं बुराईयों को दूर कर उन्होने समाज को आगे बढाने पर जोर दिया। उक्त अवसर पर लोकनाथ सेन, पहलवान सिंग, इश्वर श्रीवास, गुलाब श्रीवास, मुरली श्रीवास, भगेला श्रीवास, सुखदेव सेन, संतोष सेन,



रामरतन सेन, करण सेन, टेकराम सेन, पोखराज सेन, ईश्वर सेन, रामू सेन, प्रवीण सेन, ललित सेन के अलावा मुकेश दास अहिरवार व देवनारायण बांधे सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दौड़ प्रतियोगिता हुई मतदाताओं को जगाने



**भाटापारा।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को प्रातः स्थानीय विश्रामगृह से दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बडी तादाद मे लोगों ने भाग लिया। उक्त अवसर पर एसडीएम नितीन तिवारी, तहसीलदार चंद्रवंशी, नायब बीईओ रामजी पाल, बीआरसी लेखराम साहू, प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र नामदेव आलोक शुक्ला व टीकाराम साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पटेल हुये सम्मानित



**भाटापारा।** मंडी रोड स्थित मंगल भवन मे चिन्मय सागर चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा सेवा निवृत्त व्याख्याता रघुनाथ पटेल का सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे रायपुर के वरिष्ठ बीजेपी नेता छगनलाल मुंधडा ने पटेल को दुपट्टा पहनाकर मोमेंटो एवं ज्ञानवर्धक पुस्तक भेट किया। यह विदित रहे कि रघुनाथ पटेल विगत 43 वर्षो से शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक व लोक कला की गतिविधियों मे संलग्न होकर क्षेत्र के लोगों के साथ जुडे हुये है। उपरोक्त अवसर पर प्रकाश मोदी, नवीन गदिया व अभिषेक मोदी सहित जैन समाज के अनेक लोग उपस्थित थे। पटेल को सम्मानित किये जाने पर परेटन साहू, अजय साहू, दिलीप सिंग बिसेन, कमल नारायण यदू, प्रकाश तिवारी, प्रकाश जाधव, सुशील यादव व राजीव तिवारी सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध पुलिस की कार्यवाही

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर मे यातायात नियमो का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध यातायात शाखा द्वारा फिल्टर प्लांट तिराहा, हास्पिटल चौक, बस स्टैड, तहसील चौक, गोविंद चौक व रामसप्ताह चौक सहित अन्य स्थानो पर तीन सवारी के साथ वाहन चलाने वालो के 3 प्रकरण मे यातायात पुलिस ने 2700 सौ रूपये का अर्थदण्ड वसूल किया वही मौके पर उचित कागजात पेश नहीं करने वालो के 4 प्रकरण मे 1200 रूपये का अर्थदण्ड दिया गया मौके पर वाहन चालको द्वारा लायसेंस व अन्य कागजात प्रस्तुत नहीं किये जाने के 8 प्रकरण मे 2400 रूपये वसूल किये गये हेड लाईट का आधा




हिस्सा काला नहीं होने के चार प्रकरण मे 1200 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया इसी तरह प्रेशर हार्न का उपयोग करते हुये गाडी दौड़ाने वाले एक प्रकरण मे 300 रूपये अर्थदण्ड किया गया इसी प्रकार बिना प्रदुषण प्रमाण पत्र के वाहन चलाने के एक प्रकरण मे 800 रूपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। पुलिस अधिकारियों के आदेशों का उल्लंघन करने के एक मामले मे 500 रूपये वसूल किये गये इस प्रकार कुल 28 प्रकरणों मे 9100 रूपये की राशि समन शुल्क के रूप मे पुलिस ने वसूल की है। पुलिस की उपरोक्त कार्यवाही मे ओमकार त्रिपाठी, धनेश्वर दुबे, अगस्तजीत ध्रुव, राजेन्द्र तिवारी, हरीश जगत, सुरेन्द्र साहू, दिलीप पांडे व लक्ष्मीधर दीवान सहित यातायात पुलिस टीम शामिल थे।

# राजनीति जो करवट ले रही है वह राष्ट्रीय परिदृश्य पर बड़ा असर डालने वाली है




तमिलनाडु में लोकसभा की 39 सीटें हैं। यहां सत्तारुढ़ द्रमुक ने कांग्रेस और वामदलों के साथ गठबंधन किया है तो विपक्षी अन्नाद्रमुक ने एआईएमआईएम के साथ गठजोड़ किया है तो दूसरी तरफ भाजपा ने कुछ क्षेत्रीय दलों को एनडीए में शामिल करवा कर चुनावी लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह इस बार तमिलनाडु में सघन प्रचार किया है उससे प्रदर्शित होता है कि उन्हें इस बार तमिलनाडु से काफी अपेक्षाएं हैं। यह अपेक्षाएं कितनी पूरी होती हैं यह तो आने वाला समय ही बतायेगा लेकिन इतना तो दिख ही रहा है कि भाजपा पिछले लोकसभा चुनावों की तरह इस बार तमिलनाडु में खाली हाथ नहीं रहेगी। तमिलनाडु में इस समय देखने को मिल रहा है कि सभी राजनीतिक दलों ने सोशल इंजीनियरिंग पर खास ध्यान दिया है। राज्य में द्रमुक और अन्नाद्रमुक के पास अपना-अपना परम्परागत वोट बैंक है। अब भाजपा की ओर से भी दावेदारी जताने से बाकी सबके समीकरण थोड़े-बहुत बिगड़ते दिख रहे हैं। राज्य में कन्याकुमारी और तिरुनेलवेली ऐसे क्षेत्र हैं जहां भाजपा और कांग्रेस का जनाधार स्थानीय दलों के मुकाबले अच्छा है। पिछले चुनावों में द्रमुक ने राज्य में बाकी सभी दलों का सूपड़ा साफ कर दिया था और इस बार भी वह पिछला प्रदर्शन दोहराने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। वहीं दूसरी ओर विपक्षी अन्नाद्रमुक भी द्रमुक को परास्त करने के लिए प्रयासरत है। इस बार अन्नाद्रमुक यह सुनिश्चित करने के लिए पसीना बहा रही है कि सभी जातियों के मतदाता पार्टी के साथ रहें और विद्रोही नेताओं- टीटीवी दिनाकरन और ओ पन्नीरसेल्वम की ओर ना जाएं।

**तमिलनाडु में इस समय देखने को मिल रहा है कि सभी राजनीतिक दलों ने सोशल इंजीनियरिंग पर खास ध्यान दिया है। राज्य में द्रमुक और अन्नाद्रमुक के पास अपना-अपना परम्परागत वोट बैंक है। अब भाजपा की ओर से भी दावेदारी जताने से बाकी सबके समीकरण थोड़े-बहुत बिगड़ते दिख रहे हैं।**

दूसरी ओर, मारवाड़ और पिल्लई जोकि अगड़ी जाति है, उनके अलावा, भाजपा सभी दलित समुदायों तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वहीं द्रमुक को अपने गठबंधन की अंकगणितीय ताकत और तीन साल की सामाजिक कल्याण योजनाओं के अलावा, सभी समुदायों और अल्पसंख्यक वोट बैंक के समर्थन पर भरोसा है। हम आपको बता दें कि क्षेत्र के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में युवा तमिल राष्ट्रवादी संगठन नाम तमिझार काची का प्रभाव भी देखने को मिल रहा है जिसे 18-25 आयु वर्ग के वोटों का एक बड़ा हिस्सा मिलने की संभावना है। देखने में आ रहा है कि डिंडीगुल, मदुरै, विरुधुनगर और शिवगंगा में लड़ाई द्रमुक और अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधनों के बीच है, जबकि रामनाथपुरम और थेनी में त्रिकोणीय मुकाबला है, जिसमें ओपीएस और टीटीवी खुद मैदान में उतरे हुए हैं। इसके अलावा थूथुकुडी, जहां कनिमोझी करुणानिधि उम्मीदवार हैं उसके अलावा तेनकासी (एससी) में तस्वीर सत्तारुढ़ द्रमुक के लिए अच्छी दिख रही है। वहीं तिरुनेलवेली में मुख्य लड़ाई रॉबर्ट ब्रूस (कांग्रेस) और नैनार नागेंद्रन (भाजपा) के बीच होती दिख रही है। जबकि कन्याकुमारी में चुनावी लड़ाई स्पष्ट रूप से धर्म पर विभाजित दिख रही है। हम आपको बता दें कि भाजपा तमिलनाडु में लंबे समय से हिंदू नादर और मरावारों का समर्थन हासिल करने की दिशा में काम कर रही है। रिपोर्टें हैं कि नादर और मारवारों का बड़ा वर्ग भाजपा की ओर मुड़ रहा है।

**नीरज कुमार दुबे - साभार प्रभासाक्षी**

# भाषा के प्रति बाबा साहेब का राष्ट्रीय दृष्टिकोण

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिए भाषा का प्रश्न भी राष्ट्रीय महत्व का था। उनकी मातृभाषा मराठी थी। अपनी मातृभाषा पर उनका जितना अधिकार था, वैसा ही अधिकार अंग्रेजी पर भी था। इसके अलावा बाबा साहेब संस्कृत, हिंदी, पर्शियन, पाली, गुजराती, जर्मन, फारसी और फ्रेंच भाषाओं के भी विद्वान थे। मराठी भाषी होने के बाद भी बाबा साहेब जब राष्ट्रीय भाषा के संबंध में विचार करते थे, तब वे सहज ही हिन्दी और संस्कृत के समर्थन में खड़े हो जाते थे।

महाराष्ट्र के अस्पृश्य बंधुओं से संवाद करना था, तब उन्होंने मराठी भाषा में समाचारपत्रों का प्रकाशन किया। जबकि उस समय के ज्यादातर बड़े नेता अपने समाचारपत्र अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित कर रहे थे। बाबा साहेब भी अंग्रेजी में समाचारपत्र प्रकाशित कर सकते थे, अंग्रेजी में उनकी अद्भुत दक्षता थी। परंतु, भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान और अपने लोगों से अपनी भाषा में संवाद करने के विचार ने उन्हें मराठी में समाचारपत्र प्रकाशित करने के लिए प्रेरित किया होगा। यदि बाबा साहेब ने अंग्रेजी में समाचारपत्रों का प्रकाशन किया होता, तब संभव है कि वे वर्षों से 'मूक' समाज के 'नायक' न बन पाते और न ही उनके हृदय में स्वाभिमान का भाव जगा पाते। वहीं, जब उनके सामने राष्ट्रभाषा का प्रश्न आया, तब उन्होंने अपनी मातृभाषा की ओर नहीं देखा, वे भाषा के प्रश्न पर भावुक नहीं हुए, बल्कि तार्किकता के साथ उन्होंने हिन्दी और संस्कृत को राष्ट्रभाषा के रूप में देखा।

संविधान निर्माण के समय जब राष्ट्रभाषा और राज्य व्यवहार की अधिकृत भाषा का विषय आया, तब संविधान सभा में बाबा साहेब ने संस्कृत को राष्ट्रभाषा बनाए जाने के प्रस्ताव का समर्थन किया। इस प्रस्ताव के समर्थन में लक्ष्मीकान्त मैत्र, टी. टी. कृष्णमाचारी, डॉ. बालकृष्ण केसकर (तत्कालीन विदेश उपमन्त्री), प्रा. नजीरुद्दीन अहमद, डॉ. अम्बेडकर तथा मद्रास-त्रिपुरा-मणिपुर-कुर्ग प्रान्तों के सदस्य थे। प्रा. नजीरुद्दीन अहमद ने संस्कृत का समर्थन करते हुए इस प्रस्ताव को सदन के पटल पर रखा और कहा कि एक ऐसे देश में जहां ढेरों भाषाएं



बोली जाती हैं, वहां यदि एक भाषा को पूरे देश की भाषा बनाना चाहते हैं तो जरूरी है कि वह निष्पक्ष हो। उन्होंने पश्चिमी विद्वानों के उद्धरण देकर भी संस्कृत भाषा की अतुलनीय समृद्धि एवं शुद्धता को भी प्रमाणित किया। संस्कृत प्रा. शाहिदुल्ला ने तो यहाँ तक कहा कि व्यक्ति किसी भी वंश का हो, संस्कृत प्रत्येक की भाषा है। लक्ष्मीकान्त मैत्र ने कहा कि संस्कृत को मान्यता देकर जग को यह बता सकेंगे कि हम अपने प्राचीन वैभव का कितना आदर करते हैं। संस्कृत को स्वीकार कर हम भावी पीढ़ी का उज्ज्वल भविष्य निर्माण कर सकते हैं। परंतु, दुर्भाग्य यह कि डॉ. अम्बेडकर द्वारा संस्कृत भाषा के विषय में सुझाये गये संशोधन को स्वीकार नहीं किया गया। संविधान की आठवीं अनुसूची में उसे मात्र एक भारतीय भाषा का स्थान दिया गया।

इस सन्दर्भ में एक ओर प्रसंग है। राष्ट्रभाषा पर केन्द्रीय कक्ष में विविध समूहों में चर्चा चल रही थी, तब लोगों को यह देखकर सुखद आश्चर्य हुआ कि चर्चा के समय डॉ. अम्बेडकर एवं लक्ष्मीकान्त मैत्र आपस में त्रुटिहीन संस्कृत में चर्चा कर रहे थे। डॉ. अम्बेडकर की इच्छा थी कि संस्कृत को राष्ट्रभाषा बनाने के विषय में शे. का. फेडरेशन के कार्यकारी मण्डल में 10 सितम्बर, 1949 को प्रस्ताव पारित किया जाना चाहिए, परन्तु बी. पी. मौर्य जैसे कुछ तरुण सदस्यों के विरोध के कारण वह सम्भव न हो सका। राष्ट्रभाषा के संबंध में पत्रकारों ने बाबा साहेब से पूछा कि आप संस्कृत का समर्थन क्यों कर रहे हैं? तब उन्होंने कहा- संस्कृत में क्या दोष है?

संस्कृत के अलावा बाबा साहेब ने हिन्दी को राष्ट्रभाषा और राज्य के व्यवहार की भाषा बनाने के लिए प्रयास किया। इस संबंध में 2 जून, 1956 को प्रकाशित 'जनता' के अंक में उनके विचारों को प्रकाशित किया गया है। बाबा साहेब को चिंता थी कि कहीं भाषा के आधार पर बने राज्य एक-दूसरे के विरुद्ध न खड़े हो जाएं? आधुनिक भारत के निर्माण की जगह कहीं मध्ययुगीन भारत न बन जाए? इस स्थिति से बचने के लिए बाबा साहेब ने हिन्दी को राज्य भाषा बनाने का सुझाव दिया। बाबा साहेब लिखते हैं- संविधान में यह व्यवस्था रखी जाए कि क्षेत्रीय भाषा किसी भी राज्य की राजभाषा नहीं होगी। राज्य की राजभाषा हिन्दी रहेगी। भाषा को देश की एकजुटता का साधन बताते हुए बाबा साहेब आगे लिखते हैं- एक भाषा जनता को एकसूत्र में बांध सकती है। दो भाषाएं निश्चित ही जनता में फूट डाल देंगी। यह एक अटल नियम है। भाषा, संस्कृति की संजीवनी होती है। चूँकि भारतवासी एकता चाहते हैं और एक समान संस्कृति विकसित करने के इच्छुक हैं, इसलिए सभी भारतीयों का यह भारी कर्तव्य है कि वे हिन्दी को अपनी भाषा के रूप में अपनाएं।

यह तथ्य आज भी प्रमाणित है कि भारत में भावनात्मक एकता और राष्ट्रीय एकात्मता हिन्दी द्वारा ही संभव है। बाबा साहेब ने तो यहाँ तक कर दिया था कि जो भी भाषा पर मेरे इस प्रस्ताव को नहीं स्वीकार करता, उसे भारतीय कहलाने का अधिकार नहीं। वह शत-प्रतिशत महाराष्ट्रीयन, शत-प्रतिशत तमिल या शत-प्रतिशत गुजराती तो हो सकता है,

किंतु वह सही अर्थ में भारतीय नहीं हो सकता, चाहे भौगोलिक अर्थ में भारतीय हो। जब संविधान सभा में राष्ट्रभाषा के लिए हिन्दी का प्रस्ताव आया तो कांग्रेस पार्टी के नेता दो समूहों में बँट गए। एक, हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने के पक्ष में था वहीं दूसरा समूह हिन्दी का विरोध कर रहा था। भाषा के विषय को लेकर संविधान सभा में सर्वाधिक विमर्श हुआ। बाबा साहेब भाषा के प्रश्न को केवल भावुकता की दृष्टि से नहीं देखते थे। बल्कि उनके लिए भाषा को देखने का राष्ट्रीय दृष्टिकोण था। संस्कृत हो या फिर हिन्दी, दोनों भाषाओं के प्रति उनकी धारणा थी कि ये भाषाएं भारत को एकसूत्र में बांध कर संगठित रख सकती हैं और किसी भी प्रकार के भाषायी विवाद से बचा सकती हैं।



**लोकेन्द्र सिंह**
लेखक साहित्यकार एवं पत्रकार

# इन्द्र साव ने अरूण छाबड़ा का सम्मान किया



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** निकटवर्ती ग्राम मोपर मे अखंण्ड नवधा रामायण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे नवधा रामायण मंच से विभिन्न क्षेत्रो मे सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक तथा अन्य गतिविधियों मे भाग लेने वाले लोगों को क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव द्वारा सम्मानित किया गया। नगर मे एक लंबे समय से निःशुल्क शव वाहन की सेवा देने वाले डॉ.अरूण छाबड़ा का सम्मान इंन्द्र साव ने करते हुये कहा कि इस प्रकार के आयोजन से सेवा भावना से काम करने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिये यहां पर यह बताना लाजिमी है कि मोपर गांव मे सम्मानित हुये डॉ.अरूण छाबड़ा ने कोरोना काल के समय से हीं अपने स्व.पिता चैतराम छाबड़ा की पुण्य स्मृति मे स्वर्ग रथ नामक शव वाहन शहर को निःशुल्क प्रदान किया है जो पिछले छह वर्षो से बिना किसी शुल्क के संचालित किया जा रहा है इसके पहले अरूण छाबड़ा को गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड मे भाटापारा शहर के भीतर 1348 छात्र-छात्राओं द्वारा 2196 फीट लंबा राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज लहराने के रूप मे उनका नाम दर्ज किया गया है इसके अलावा अब तक सांस्कृतिक, साहित्यिक, क्रीड़ा व लोगो के स्वास्थ्य एवं अन्य सामाजिक सुख दुख मे सहयोग करने के कारण अरूण छाबड़ा को 400 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय सम्मान मिल चुका है।

# यातायात के बोझ तले सड़क पर जाम की स्थिति, स्कूली बच्चों में भय का वातावरण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर मे इन दिनो भारी वाहनो का निर्बाध प्रवेश आबादी बाहुल्य क्षेत्र मे होने से लोग हलाकान है। खासकर भारी वाहन शहर के रिहायशी इलाको मे 24 घंटे प्रवेश कर रहे है जिससे सड़क यातायात जाम हो रहा है



रेल्वे अंडरब्रिज क्षेत्र रेल्वे ओव्हरब्रिज क्षेत्र, मंडी क्षेत्र बस स्टैड क्षेत्र, सेंट्रल वेयर हाउस मार्ग तथा गैरेज लाईन एवं ईतवारी राम स्कूल से लेकर जय स्तंभ चौक तक हमेशा भारी वाहनो के आवाजाहीं से यातायात बुरी तरह बाधित हो रहा है भारी वाहनो के कारण आम जनता के साथ साथ स्कूल कालेज आने जाने वाले तमाम छात्र-छात्राओं को जहां परेशानियों से जूझना पड रहा है वहीं छोटे छोटे स्कूली बच्चे के परिजन दहशत मे अपने छोटे छोटे बच्चों को स्कूल भेज रहे है शहर व क्षेत्र के तमाम बडे बडे औद्यौगिक संयंत्र, सीमेंट संयंत्र एवं लगभग 450 से अधिक राईस, दाल व पोहा मिलो मे आवाजाही करने वाले सैकड़ो वाहनो के निर्बाध शहर प्रवेश से यातायात जटिल हो गया है उपर से लगभग डेढ से दो सौ के बीच इलेक्ट्रीक आटो रिक्शा एवं डीजल पट्रोल आटो की आवाजाही से शहर की तमाम सड़को पर यातायात का दबाव व बोझ बढ गया है जिसे व्यवस्थित किये जाने की नितांत आवश्यकता है इसके लिये प्रशासन की ओर से तमाम गैरेज संचालक ट्रांसपोर्टर के साथ साथ पालिका प्रशासन पुलिस प्रशासन व राजस्व प्रशासन के सक्षम अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाकर यातायात समस्या का निदान जनहित मे शीघ्र निकालने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोपका में आयोजित कर्मा जयंती मे इन्द्र साव शामिल हुये



**भाटापारा।** शहर से 14 किलोमीटर दूर ग्राम मोपका मे आयोजित संत माता कर्मा की 1008 वी जयंती के कार्यक्रम तथा सम्मान समारोह कार्यक्रम मे विधायक इंन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुये। इस दौरान उन्होने संत माता कर्मा के आदर्शो व सिंद्धांत पर चलते हुये लोगों के जनकल्याण के लिये कार्य करने का आव्हान उपस्थित लोगों से किया। उपरोक्त कार्यक्रम मे पूर्व विधायक चैतराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष भोलाराम साहू सहित कुलेश्वर साहू, मनीराम साहू, सुनहर साहू, पुसउ राम साहू, पुनुराम साहू, सुंदरलाल साहू, सुखदेव साहू, घसियाराम साहू, पंचूराम साहू, पूनाराम साहू, रामदयाल साहू, केशव साहू, लखन साहू, कौशल साहू, लंकेश्वर साहू, प्रेमशंकर साहू, पुनीत साहू, रोहित साहू, संतोष साहू, हेमंत साहू, लालू साहू व अशोक साहू सहित सामाजिक बंधु एवं माता बहनें उपस्थित थी।

### भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस



**भाटापारा।** स्थानीय गोविंद सारंग स्मृति परिसर कार्यालय मे भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नींव रखने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, अटल बिहारी बाजपाई, लाल कृष्ण आडवाणी के संघर्षो को याद करते हुये पार्टी को मजबूत बनाने व आगामी लोकसभा चुनाव मे देश का प्रधानमंत्री पुनः नरेन्द्र मोदी को बनाने एवं क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया। उपरोक्त अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, राकेश वितारी, सुनील यदू, आशीष जायसवाल, मनेन्द्र सिंग गुम्बर, पुरूषोत्तम यदू, व्यासनारायण यदू, गोवर्धन डहरिया, नारायण साहू, महावीर शर्मा, संजय चौहान, डब्ल्यू सिंग ठाकुर, मोहन बांधे, परस देवांगन, महाबल बघेल, आयशा खान, सलीम खान, नरेश अग्रवाल, सुनंद मिश्रा, सुरेश मिश्रा, सुदामा मंधान व राकेश मंधान सहित बडी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### संत कंवरराम का जन्मोत्सव मनाया गया

**भाटापारा।** शहर मे संत कंवरराम की 139 वीं जयंती मनाया गया जिसके तहत प्रभात फेरी निकाली गई जो एसएसडी, वीआईपी कालोनी, गोदडी धाम, संत कंवरराम चौक, बाबा गरीबदास मंदिर, प्रेम प्रकाश मंदिर होते वापस संत कंवराम दरबार पहुंची जहां अरदास, शब्द कीर्तन, भंण्डारा प्रसारी का आयोजन किया गया। उपरोक्त अवसर पर इंदर थारानी, अनिल रोचलानी, डॉ.वासुदेव ठाकुर, नारायण दास निहलानी, नानक गिदवानी, ताराचंद किंगरानी, कैलाश बालानी, गोपी पारप्यानी, शत्रुघन पारप्यानी, भरतमल पारप्यानी, मुकेश पारप्यानी, कमल पारप्यानी, मनोज गिदवानी, धनेश माधवानी, राकेश नागवानी, सिरीश शोभवानी, सुनील हबलानी, धीरज निहलानी, महेश निहलानी, गुरूमुख गंगवानी, ज्ञानचंद गंगवानी, महेश गंगवानी व चंदीराम ग्वालानी सहित अन्य लोग बडी संख्या मे शामिल हुये।

# भाटापारा क्षेत्र में लोग शक्ति की भक्ति में डूबे, चारों तरफ जसगीत की गूंज



ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र के देवी मंदिरो मे देवी दर्शन के लिये श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है क्षेत्र के अति प्राचीन एवं ऐतिहासिक मावली माता मंदिर सिंगारपुर एवं महामाया देवी मंदिर तरेंगा तथा सिद्ध शक्तिपीठ काली मंदिर, सिद्धबाबा धौराभांठा मे पंचमी पर विशेष पूजा अर्चना हुई इस दौरान अल सुबह से देर रात तक श्रद्धालु देवी दर्शन के लिये कतार बद्ध होकर लंबी लाईन मे खडे रहे जिसमे ज्यादातर श्रद्धालु महिला भक्त थे सिंगारपुर मांवली माता मंदिर व तरेंगा महामाया मंदिर के अलावा शहर के शीतला माता मंदिर माता देवालय, नेहरू वार्ड शीतला मंदिर, सुभाष बाजार सामने स्थित शीतला मंदिर, कालेज गेट स्थित शीतला माता मंदिर, हथनीपारा स्थित शीतला मंदिर एवं शहर अन्य देवी मंदिर व देवालय मे हजारो की तादाद मे ज्योति कलश प्रज्जवलित किये गये है वहीं ज्योत जंवारा के साथ पारंपरिक जसगीत से माता की सेवा भक्तगण कर रहे है जिसके कारण समूचा क्षेत्र माता भक्ति से सराबोर हो गया है। विभिन्न मंदिर देवालय मे दूर दूर से जसगीत प्रस्तुत करने विभिन्न भजन कीर्तन मंडली टोली व महिला सत्संग समिति के लोग देर रात तक पहुंच रहे है वहीं चैत्र नवरात्रि पर्व मे शहर से बाहर चैतुरगढ, चंन्द्रपुर, डोंगरगढ, जतमई, घटारानी, रतनपुर, मैहर, भद्रकाली बेमेतरा, सिद्धी दात्री मंदिर साजा, मल्हार व खल्लारी सहित अन्य धार्मिक स्थलों की ओर हजारों भक्त अपने अपने दुपहिया चौपहिया वाहनो व किराये के चौपहिया वाहनो के साथ साथ अनेक यात्री ट्रेनो के जरिये जा रहे है जिसके कारण तमाम सड़क मार्ग पर चलने वाली यात्री बसों व अन्य परिवहन के अलावा ट्रेनो मे भारी भीड़ भाड़ का माहौल बना हुआ है शहर के चारो दिशाओं की सड़को पर नवरात्रि के चलते चहल पहल का वातावरण देर रात तक निर्मित है क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति के लिये पैदल हीं शहर से 11 किलोमीटर दूर मांवली माता मंदिर सिंगारपुर एवं महामाया माता मंदिर तरेंगा जाने के लिये निकल पड़े है जिसमे अनेक श्रद्धालु महिला व छोटे बच्चे शामिल है कुल मिलाकर क्षेत्र मे लोग शक्ति की भक्ति मे पुरी तन्मयता से जुट गये है।

# भाटापारा में रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे समूचा माहौल आज जग जंवारा विसर्जन व रामनवमी उत्सव से सराबोर रहा नवरात्रि के दौरान प्रज्जवलित किये गये ज्योति कलश व जंवारा का जसगीत व अन्य संगीतमय आयोजन के साथ भावपूर्ण विसर्जन कईहा तालाब मे किया गया। कुछ जंवारा का विसर्जन कल्याण सागर व नक्खी बाबा तालाब मे भी किया गया। वहीं महासती मंदिर प्रांगण से रामनवमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई लगभग 2 किलोमीटर लंबी विशाल शोभायात्रा मे आकर्षक वेशभूषा व जीवंत चरित्र अभिनय हनुमान जी का प्रस्तुत किया गया। उक्त शोभायात्रा मे हजारो की तादाद मे महिला पुरूष व छोटे छोटे बच्चो के अलावा ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के नर्तक दल ने भाग लिया। वहीं शोभायात्रा मे अनेक भजन कीर्तन मंडलियो का भी समावेश रहा शोभायात्रा का जगह जगह लोगों ने स्वागत किया। उपरोक्त कार्यक्रम मे नरेश चौबे, त्रिलोक सलूजा, गोपाल अग्रवाल, राधेश्याम शर्मा फग्गा, सोनू पटाक, अरूण शर्मा, सत्यनारायण जोशी, जितेन्द्र तिवारी, नेम तिवारी, प्रमेन्द्र तिवारी, अशोक तिवारी, कैलाश बावला, महेश शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, गौरव शर्मा, प्रकाश ओझा, राहुल ओझा, राकेश चौबे, बिहारी जोशी, राकेश उपाध्याय, बंटी उपाध्याय, विक्की सलूजा, बब्लू अग्रवाल, राजेश उपाध्याय, नरेश अग्रवाल, राहुल शर्मा, बब्लू ओझा, मनोज शर्मा, शिव दुबे, शिव शर्मा, राजेश राठी, प्रवीण राठी, संटी उपाध्याय, हरगोपाल शर्मा, गिरधर व्यास व राजेंद्र जोशी सहित अन्य लोग बडी संख्या मे उपस्थित थे। शोभायात्रा सती मंदिर, सदर बाजार, गोविंद चौक, रामसत्ताह चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये महतारी चौक के पास पहुंची जहां पर भव्य आरती का आयोजन किया गया।



# तीन फेरों के लिये दुर्ग पटना के बीच स्पेशल ट्रेन चलेगी



**भाटापारा।** रेल प्रशासन ने मौजूदा समय मे यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुये दुर्ग पटना व दुर्ग के बीच तीन फेरो के लिये साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। उपरोक्त संबंध मे रेल्वे सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 19 अप्रेल 26 अप्रेल व 3 मई 2024 को 08793 क्रमांक के साथ स्पेशल ट्रेन दुर्ग से पटना के लिये दोपहर एक बजकर पच्चीस मिनट पर छूटेगी जो कि रायपुर के रास्ते दोपहर दो बजकर पचपन मिनट मे भाटापारा रूकते हुये बिलासपुर, झारसुगुडा, हटिया व रांची होकर दूसरे दिन प्रातः 9 बजे पटना पहुंचेगी इसी तरह पटना की ओर से आगामी 20 अप्रेल, 27 अप्रेल एवं 4 मई को ट्रेन क्रमांक 08794 स्पेशल ट्रेन दोपहर साढे बारह बजे पटना से छूटकर दुर्ग रेल्वे जंक्शन के लिये रवाना होगी यह ट्रेन दूसरे दिन प्रातः 11 बजकर 15 मिनट को भाटापारा रेल्वे स्टेशन पहुंचेगी इसके पश्चात रायपुर होकर यह ट्रेन लगभग 1 बजकर पचपन मिनट पर दुर्ग पहुंचेगी उक्त स्पेशल ट्रेन मे कुल 22 कोच होंगे जिसमे दो सामान्य कोच, 14 स्लीपर कोच, तीन एससी थ्री कोच, एक एसी टू एवं दो एसएलआर कोच की सुविधा उक्त स्पेशल ट्रेन मे रहेगी। उक्त स्पेशल ट्रेन के परिचालन से लोगों को मामूली राहत यात्रा के दौरान मिलने की उम्मीद है।

# लोकसभा चुनाव के संदर्भ मे इन्द्र साव ने ली बैठक



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध मे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा मे कांग्रेस विधायक इंन्द्र साव ने बैठक लेकर कांग्रेसजनो को पूरे जी जान से पार्टी हित मे कांग्रेस प्रत्याशी को जीताने के लिये कार्य करने का आव्हान किया। इस दौरान साव ने कहा कि वर्तमान मे गरीबों के लिये संचालित तमाम योजनायें कांग्रेस सरकार के समय से संचालित है वर्तमान भाजपा सरकार ने उन योजनाओं का नाम बदलकर केवल झूठा श्रेय लेने के लिये प्रपोगंण्डा कर रहे है जिसको जनता को माकूल जवाब देते हुये भाजपा को पराजित करना जरूरी है।

उपरोक्त अवसर पर सुशील शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर प्रत्येक महिलाओं को प्रति महीने 8333 रूपये की राशि महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के तहत दी जायेगी जिससे की महिलाओं का जीवन स्तर बेहतर हो सकेगा व कमर तोड़ महंगाई से लोगों का परिवार सहीं ढंग से चल सकेगा। उक्त बैठक मे शैली भांटिया, केके नायक, हिरेन्द्र कोशले, सतीश अग्रवाल, कुबेर यदू, अरूण यदू, भागवत सोनकर, रमेश घृतलहरे, मोहन गायकवाड़, दशरथ चंन्द्राकर, अजीत भटट, हिम्मत लाल, मुरली शर्मा, चंदू साहू, कुंजलाल साहू व चंन्द्र कुमार साहू सहित बडी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बोड़तरा स्कूल में न्यौता भोज संपन्न



भाटापारा। ग्राम बोड़तरा के प्राथमिक शाला मे श्यामलाल आडिल संग श्रीमती शकुंतला आडिल के 55 वीं सालगिरह के अवसर पर उनके पुत्र वधु पुष्पा आडिल द्वारा न्यौता भोज का आयोजन किया गया जिसमे छात्र-छात्राओं को भोजन के साथ साथ फल व मिठाई वितरित किया गया कार्यक्रम मे स्कूल स्टाफ के अशोक सोनी, अनिता त्रिवेदी, भावना क्षत्रिय व भागमती ध्रुव सहित बडी संख्या मे अन्य लोग शामिल हुये।

## संक्षिप्त समाचार

## दानवीर दाउ कल्याण सिंग की जयंती मनाई गई

**भाटापारा।** छत्तीसगढी अग्रवाल समाज द्वारा गत दिनो दानवीर दाउ कल्याण सिंग की 148 वीं जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे उनके द्वारा किये गये कार्यो का उल्लेख करते हुये उनकी दानशीलता के संबंध मे आयोजको ने प्रकाश डाला। उपरोक्त अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.अंगद सिंग राजपूत, निखिल अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, शारदानंद अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, श्रीमती मनोरमा अग्रवाल, श्रीमती कामिनी अग्रवाल, श्रीमती विंध्या अग्रवाल, रविकांत अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अनंत किशोर अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, स्वरूप अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, रिपुसुदन अग्रवाल, एकांश अग्रवाल, भरत अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, श्रीमती शिखा अग्रवाल, सुश्री शिप्रा अग्रवाल, श्रीमती स्वीटी अग्रवाल, श्रीमती दीप्ति अग्रवाल, श्रीमती ज्योति अग्रवाल, श्रीमती भारती, अग्रवाल, श्रीमती श्रुति अग्रवाल, श्रीमती पुष्पा अग्रवाल श्रीमती उमा अग्रवाल, श्रीमती झरना अग्रवाल, श्रीमती पूजा अग्रवाल एवं श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## रामलीला मैदान में हनुमान चालीसा का शतक पूरा किया गया



**भाटापारा।** नगर के 105 वर्ष पुराने आदर्श रामलीला नाटक मंडली के कलाकारो द्वारा रामलीला प्रांगण पुराना गंज मे हनुमान चालीसा पाठ का शतक पूरा किया। यह विदित रहे कि प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को हनुमान चालीसा का 11 पाठ बच्चों के द्वारा निरंतर किया जा रहा था जो गत 6 मई 2023 से प्रारंभ हुआ था। 16 अप्रैल 2024 मंगलवार को 100 वां पाठ पुराना गंज सभा स्थल मे पूर्ण किया गया। उक्त कार्यक्रम मे देवेन्द्र भृगु, कोमल शर्मा, श्याम मल, लव शर्मा, काव्यांश शर्मा, जय मल, नीलेश मल, अभी अग्रवाल, अक्षत जोशी, आदित्य जोशी, धर्मपाल सोनी, आदित्य सोनी, नमन मल, कार्तिकेय पांडे, वैभव तिवारी, प्रहस्त सिंह सेंगर, लक्ष्य चौरसिया, आयुष तिवारी, शौर्य मिश्रा, सुयश शर्मा, मुकुल शर्मा, अभिनव मिश्रा, राघव नथानी, सुयश नथानी, केशव लाहोटी, सागर जयसवाल, हर्ष गुप्ता, अग्रंश शर्मा, अद्यांश मिश्रा, बाबू शुक्ला, हेमंत मल, बजरंग चौरसिया, शिव गुप्ता, पूर्णेन्दु त्रिवेदी, प्रकाश शर्मा, देवनारायण शर्मा, रामजी जोशी व मोनू मल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

*पूर्व आईपीएस मुकेश गुप्ता को हाईकोर्ट से राहत*

## लोक आयोग की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए प्रकरण किया निरस्त

**बिलासपुर।** पूर्व आईपीएस मुकेश गुप्ता के मामले में हाईकोर्ट ने लोक आयोग द्वारा की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाकर दर्ज प्रकरण निरस्त करने का आदेश दिया है. कोर्ट ने याचिकाकर्ता माणिक मेहता को नए सिरे से विधिवत याचिका दायर करने की छूट भी दी है रायपुर निवासी माणिक मेहता ने मुकेश गुप्ता के खिलाफ साल 2020 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने मिक्की मेहता मेमोरियल ट्रस्ट के नाम पर राज्य शासन से तीन करोड़ रुपए का अनुदान लिया था. इस अनुदान राशि के जरिए गरीबों के लिए मोतियाबिंद का ऑपरेशन नि:शुल्क कराया जाना था, लेकिन मुकेश गुप्ता ने इस रकम का इस्तेमाल अपने पर्सनल लोन पटाने में किया. साथ ही लोक आयोग, एसीबी और ईओडब्ल्यू में मुकेश गुप्ता के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी. इसकी प्रति तत्कालीन मुख्यमंत्री को भी दी गई थी.

## भाटापारा का समूचा बाजार ग्राहकी से गुलजार हुआ

# शादी विवाह के सीमित मुहूर्त के कारण बाजार में आपाधापी का माहौल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। 13 अप्रेल को खरमासा की समाप्ति के बाद से नगर मे विवाह, शादी, नामकरण, संस्कार, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार, भूमिपूजन, जनेउ संस्कार, नये वाहन खरीदी तथा बहु बेटी की बिदाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। खरमास के समाप्त होते हीं 16 अप्रेल से सभी प्रकार के मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे जिसके चलते समूचे भाटापारा नगर के बाजार मे ग्राहको का सैलाब उमड़ पड़ा है।**



चूंकि अप्रेल माह मे शादी विवाह के लिये सीमित समय मुर्हूत के रूप मे विद्यमान है मसलन 18, अप्रेल 19, अप्रेल, 20 अप्रेल, 21 अप्रेल, 23 अप्रेल तथा 24 एवं 25 अप्रेल की तिथि शुभ मानी गई है इसलिये लोग अप्रेल माह के शुभ मुर्हूत मे ज्यादा से ज्यादा वैवाहिक कार्यक्रम निपटाने के लिये आतुर है क्योकि इस वर्ष मई व जून माह मे कोई भी वैवाहिक मुर्हुत नहीं है वैवाहिक कार्यक्रम के चलते शहर के सराफा बाजार, किराना बाजार, दुपहिया व चौपहिया वाहन शोरूम, टीवी, फ्रीज, कुलर, पलंग, आलमारी, सोफा व इलेक्ट्रानिक दुकान सहित कपड़ा दुकानो मे भारी ग्राहकी उमड़ पडी है। सीमित वैवाहिक मुर्हूत के कारण नगर के विभिन्न मैरिज हाल होटल, धर्मशाला, मंगल भवन, वैवाहिक भवन, सामुदायिक भवन, नगर भवन एवं अनेक स्कूल व परिसर पूरी तरह अभी से बुक हो चुके है वैवाहिक मुर्हूत के कारण सैकड़ो पंडितो के पास भी समय नहीं है वहीं कार्ड गैलरी, कार्ड प्रिंटर्स, बैंड बाजा, ढोल नगाड़ा, डीजे व धुमाल सहित अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्र की दुकानो मे लोग बडी तादाद मे पहुंच रहे है। नगर के विभिन्न यात्री बस संचालक व चौपहिया वाहन मालिको के यहां भी वाहन बुकिंग को लेकर बडी तादाद मे लोग पहुंचकर वाहन बुक करा रहे है साथ हीं कैटरिंग संचालक व रसोईयों की भी पूछ परख बढ गई है शुभ विवाह के अवसर पर दुल्हा सूट की सिलाई व अन्य घराती बाराती भी बडी संख्या मे कपड़ा सिलाने विभिन्न टेलर्स संस्थान मे सैकड़ो की संख्या मे पहुंच रहे हे जिसके कारण तमाम टेलर्स दीपावली त्यौहार की तरह रात दिन एक करके कपडे सिलाई के कार्य मे व्यस्त है इन सब के अलावा मंडप साज सज्जा सामियाना पंड़ाल लगाने वालो के पास भी भरपूर आर्डर होने से वे सभी व्यस्त है इन सब के अलावा ग्रामीण क्षेत्र मे भी शादियो के लिये अभी से लोग तैयारी कर रहे है व बडी तादाद मे भाटापारा शहर पहुंचकर छोटे बडे विभिन्न चौपहिया वाहनो मे दान दहेज वैवाहिक रस्म के तमाम छोटे बडे सामान लोड कराकर अपने अपने गांव की ओर जा रहे है जिसके चलते समूचा भाटापारा बाजार ग्राहकी से गुलजार है स्थानीय सराफा बाजार मे सोमवार को 24 कैरेट सोने का भाव 73174 रूपये व चांदी का भाव 83506 रूपये होने के बाद भी लोग भारी तादाद मे वैवाहिक सोने चांदी के जेवरात खरीदने टूट पडे इधर शादी विवाह के सीमित समय के कारण आपाधापी के इस माहौल मे कार्ड बांटने निमंत्रण देने वाले तथा नाई लोगों की भी पूछ परख बढ गई है। शहर मे विभिन्न वैवाहिक मुर्हूत पर अनेक नाई भी इतने अधिक व्यस्त है कि लोगों को ग्रामीण व अन्य छोटे कस्बे व शहर से नाई से काम लेने अनुबंध करना पड़ रहा है इसके अलावा शहर के तमाम ज्वेलरी दुकान, सौन्दर्य प्रसाधन दुकान, जूते चप्पल दुकान तथा ब्यूटी पार्लर वाले भी वैवाहिक सीजन शुरू होने के कारण काफी व्यस्त है।





# ईद की मुबारक बाद देने इन्द्र साव ईदगाह पहुंचे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ईद उल फितर के मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने बडी तादाद मे ईदगाह पहुंचकर विशेष नमाज अदा की। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी व शहर मे अमन चैन व सलामती की दुआ मांगी। उपरोक्त अवसर पर विधायक इंन्द्र साव, सतीश अग्रवाल, सुनील गुप्ता, रोहित साहू, आलोक मिश्रा, राजेन्द्र वर्मा, इमाम कारी, अब्दुल कादर मेमन, जमील खान, रसीद खान, हाजी इकबाल, रउफ मेमन, रफीक शहजादा, रफीक जलियावाला, यासिन जलियावाला, शादाब जालियावाला, जिशान जालियावाला, सुहैल, हंनफी, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद रफीक पारेख, मोहम्मद मुस्तफा, सुहेल मेमन, जावेद गोडिल, शाहिद पारेख, रफीक मोटन, मोहम्मद अजीज चनीजा, शकील खान, मोहम्मद अययुब बांठिया सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे।

# झूलेलाल जयंती में शिवरतन शर्मा शामिल हुये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। सिंधी समाज के द्वारा चेट्रीचंड्र पर्व पर झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसका जगह जगह स्वागत सत्कार फूल बरसाकर किया। उपरोक्त समारोह मे अनेक धार्मिक एवं संगीतमय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।



चेट्रीचंड्र महोत्सव के कार्यक्रम मे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा विशेष रूप से शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होने चैत्र नवरात्रि, हिन्दू नववर्ष एवं चेट्रीचंड्र महोत्सव की लोगों को बधाई देते हुये कहा कि पर्व त्यौहार हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग है उपरोक्त कार्यक्रम मे इंदर थारानी, अनिल रोचलानी, राकेश मंधान, रूपचंद थारानी, कमलेश कुकरेजा, धनेश माधवानी, रंजीत दवानी, धीरज निहलानी, दरवेश थारानी, कैलाश बालानी, नंदलाल हबलानी, राजेश थारानी, हरीश निहलानी, कल्लू सचदेव, गुरूमुख गंगवानी, रहंदामल गेहानी, नंदलाल गिदवानी, चंन्द्रपाल बागवानी, चेतन पंजवानी, प्रकाश मोटवानी, महेश गंगवानी, ज्ञानचंद गंगवानी, ननकू पंजवानी, संतोष पंजवानी व विजय पंजवानी सहित बडी संख्या मे सिंधी समाज के अन्य लोग शामिल हुये।

# संत कंवरराम साहब जी का जन्मोत्सव मना

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** हिंद-सिंधु के सरताज,संतों के सिरमौर अमर शहीद संत कंवरराम साहब जी का 139 वाँ जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से संत कंवरराम चौक व संत कंवरराम दरबार( भगतू टिकाणे ) में 13 अप्रेल 2024 दिन शनिवार को मनाया गया।संत कंवरराम सेवा मंडल भाटापारा के अध्यक्ष राजेश हजारीलाल छाबड़िया द्वारा जानकारी दी गई कि इस अवसर सुबह 06 बजे प्रभात फेरी निकाली गई जो कि एस.एस.डी.धाम से वी.आई.पी. कालोनी-श्री गोदड़ी धाम-श्री हजारीलाल छाबड़िया मार्ग-संत कंवरराम चौक-बाबा गरीबदास



मंदिर-श्री प्रेमप्रकाश मंदिर-बाबा जन के घर होते वापसी संत कंवरराम दरबार पहूँची जहाँ श्री गुरू ग्रंथ साहब के सहज पाठ का भोग साहब-शबद कीर्तन-दीप प्रज्जवलन व केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया ततपश्चात आरती-अरदास कर भंडारा प्रसादी वितरण किया गया।इस अवसर पर इंदरलाल थारानी,अनिल रोचलानी,डॉ.वासुदेव ठाकुर,नारायणदास निहलानी,नानक गिदवानी,ताराचंद किंगरानी,गोपी पारप्यानी,कैलाश बालानी,नंदू तनवानी, ईश्वर बत्रा,मनोज गिदवानी, महेश निहलानी,धनेश माधवानी, राकेश नागवानी,श्री शोभवानी,सुनील हबलानी,धीरज निहलानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ' अब चैन की नींद कहाँ ? '

अब, चैन की नींद कहाँ ?
शब्दों की जंज़ीर कहाँ ?
कविता की सूरत दिखती थी,
अब, उनकी है तस्वीर वहां।
अब चैन की-----
गंभीर काव्य, सृजित हो कैसे?
हर समय वही, लिखता रहूँ कैसे?
शब्दों का बन्धन टूट गया,
बुला रहा श्रृंगार जहाँ।
अब चैन की----
कलम , जो मेरी है तलवार।
उसकी वो हस्ती हो कैसे?
घायल करके रख दे मुझको,
मृगनयना के बाण जहाँ।
अब चैन की---
कल्पना, साथ निभाए कब तक?
उनकी बने, वो सौत कैसे?
साक्षात सुन्दर हो जीवन संगिनी,।लिख पाए क्या रचनाकार वहाँ।
अब चैन की----
एकान्त, अब न भाए मुझको।
मंगल परिणय, जल्द हो कैसे?
आहें मैं केवल भरता हूँ,
भरना है उनका प्यार जहाँ।
अब चैन की नींद कहाँ?
शब्दों की जंज़ीर कहाँ ??



फ़रहत मिर्ज़ा

दिल दहला देने वाली वारदात

# डेढ़ फुट गड्ढे में दफना दी 5 फुट की लाश

ब्यूरो चीफ राजेश देवांगन द्वारा

**परपोड़ी (साजा)।** परपोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम लुक से एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसमें विगत सोमवार से गुमशुदा चल रही एक नवविवाहिता महिला की लाश उनके ससुराल के खलिहान में दफन मिलने पर गाँव मे हड़कम्प मच गयी है।इस मामले में ग्रामीणों द्वारा स्पष्टत: हत्या की आशंका जताई जा रही है।स्थानीय परपोड़ी पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने मौक़े पर पहुंचकर खलिहान में दफन नव विवाहिता मृतक महिला के शव को बरामद कर तफ्तीश शुरू कर दी है। वही इस घटना के बाद से मृतक महिला का पति फरार चल रहा है, जिस पर परिजनों ने स्पष्ट आरोप लगा दिया है।

दरअसल परपोड़ी थाना क्षेत्र के ही ग्राम कुरलू निवासी 22 वर्षीय मृतक युवती रेशमी वर्मा का विवाह ग्राम लुक के तुलसी वर्मा के पुत्र ओमप्रकाश वर्मा से बीते फरवरी माह को हुई थी। फिलहाल तक सब कुछ ठीक ही चल रहा था कि अचानक नवविवाहित महिला बीते सोमवार की सुबह से लापता बताई जा रही थी, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट ने परपोड़ी थाने में परिजनों ने दर्ज कराई थी। किन्तु इसी बीच कल सुबह को अचानक पुलिस को सूचना मिली कि लूक गाँव मे लापता महिला के ससुराल से लगे खलिहान में ही शव दफन कर दी गई है।जिस पर देवकर तहसीलदार- केआर





वासनिक एवं परपोड़ी पुलिस प्रभारी- ओपी साहू की संयुक्त टीम की सतत देखरेख में खलिहान में दफन शव को बाहर निकलवाया गया जिसे प्रत्यक्षदर्शियों ने लापता महिला रेशमी वर्मा के रूप में शिनाख्त की। वही शव का पोस्टमार्टम कर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है महिला ने लापता होने के पूर्व अपने मायके में सामान्य बातचीत की थी वही रात को अचानक इस तरह हुए घटनाक्रम से परिजन स्तब्ध है वही घटना के बाद से ही उनके पति के फरार होने से उसके द्वारा हत्या की आशंका गहरा गयी है। जिस पर जल्द ही परपोड़ी पुलिस द्वारा घटनाक्रम से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच शुरू कर दी गयी है जल्द ही आरोपी तक पहुंचकर गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

शव उत्खनन के समय में फोरेंसिक टीम एक्सपर्ट डाक्टरों की टीम डॉग स्क्यड पुलिस की टीम मजिस्ट्रेट की उपस्तिथि में शव उत्खनन कराया गया, शव की स्थिति देख कर ऐसा लग रह था की शव तीन चार दिन पूर्व होने की हैं। शव में दुर्गंध आ गया था , इस शव का पतिक्षण साजा में संभव नही होने के कारण रायपुर मेकाहारा भेजा गया है। पटेल ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या में यह हत्या का मामला बन रह हैं संदेह के आधार पर परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है मृतिका का पति अभी तक फरार है । मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# तहसील कार्यालय में अव्यवस्था के चलते लोग हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगने के बाद से भाटापारा तहसील कार्यालय मे आम नागरिकों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है जहां पर आने वाले तमाम राजस्व प्रकरणों मे पक्षकारो को एक लंबे समय से भटकना पड रहा है।

**जानबूझकर नामांतरण के प्रकरणों में टाल मटोल कर लोगों को परेशान किया जा रहा है**




आये दिन अधिकारियों के चुनावी डयूटी मे व्यस्त रहने की बात बताकर पक्षकारो को घुमाया जा रहा है जिससे लोगों मे भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं जमीन की खरीदी बिक्री के बाद पटवारियों के माध्यम से भू-स्वामियों को डेढ से दो महीने की लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी नामांतरण के बाद नये पर्ची भी नहीं मिल पा रहे है इस बीच अनेक भुक्त भोगियों ने शिकायत करते हुये बताया है कि जानबूझकर नामांतरण के प्रकरणों मे टाल मटोल कर लोगों को परेशान किया जा रहा है पक्षकार कभी पटवारी तो कभी तहसील कार्यालय का चक्कर काटते काटते थक हार गये है वहीं प्रापर्टी दलाल एवं तहसील कार्यालय मे सक्रिय दलालो के कार्य भेंट चढावे के बाद एक दो दिन मे हीं हो जा रहे है जबकि नियमानुसार भेंट चढावा नहीं देने वालो को चक्कर पे चक्कर काटना पड़ रहा है।

## मर्राकोन्हा व तरेंगा में उत्साह के साथ मनाया गया कर्मा जयंती



**भाटापारा।** गत दिनो साहू समाज ग्राम तरेंगा एवं साहू समाज ग्राम मर्राकोन्हा द्वारा कर्मा जयंती पर्व उत्साह से मनाया गया ग्राम मर्राकोन्हा मे आयोजित जयंती कार्यक्रम मे रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता के साथ साथ कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे जिला पंचायत सदस्य रेणुका अभिनव यदू रामखिलावन साहू, कुबेर यदू, योगेन्द्र यदू, राजेश साहू, श्रीमती गंगोत्री टंडन, पवन टंडन, राजकुमार साहू, लोकनाथ साहू, प्रमोद निषाद, डगेश्वरी निषाद व विरेन्द्र निषाद पंकज मानिकपुरी सहित साहू समाज के पुरूष एवं महिलायें बडी संख्या मे शामिल हुये। वहीं ग्राम तरेंगा मे हनुमान सागर साहू पारा मे भी कर्मा जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो संपूर्ण गांव के भ्रमण के पश्चात महामाया मंदिर के पास आकर समाप्त हुई उक्त अवसर पर प्रसाद का वितरण भी किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम मे साहू समाज के सैकड़ो लोग शामिल हुये। उक्ताशय की जानकारी महेन्द्र साव ने दी है।

## कबाड़ दुकान से यातायात बाधित व लोग कबाड़ से हो रहे हैं जख्मी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर मे सैकड़ो की संख्या मे खुल रहे कबाड़ दुकान को आबादी बाहुल्य क्षेत्र से हटाकर रेल्वे ओव्हरब्रिज के नीचे गुरूनानक वार्ड मे स्थानांतरित किये जाने की मांग प्रबुद्ध नागरिकों ने वर्तमान मे नगर के सुभाष बाजार, हटरी बाजार, सदर बाजार, तरेंगा नाका, लिंक रोड़ सहित शहर के अन्य वार्डो गली मोहल्लों मे कबाड़ का व्यवसाय करने वाले पूरा कबाडी सामान सड़क चौक चौराहों पर फैलाकर व्यवसाय कर रहे है जिससे लोगों को आवाजाहीं मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है



**कबाड़ खरीदने वाले दुकानदारो के पास रोजाना इतना अधिक कबाड़ शहर व ग्रामीण क्षेत्रो से पहुंच रहा है कि वे अपने गोदाम के अलावा सड़क पर अवैध रूप से कबाडी सामान डंप कर रहे है जिससे लोगो की परेशानी बढ गई है**

इसके अलावा कबाड़ दुकान संचालक टूटे फूटे लोहा टिन टप्पर, शीशी बोतल व कील सड़क पर छोड़ दे रहे है जिससे दुपहिया वाहन व अन्य प्रकार के वाहन के साथ साथ सायकल चालक के सायकल आये दिन पंचर जैसी स्थिति का सामना करने विवश है अनेक बार तो पैदल चलने वालो के पैर मे टूटे कांच कील लगने की शिकायतें भी बहुंतायत मे मिल रहीं है जिसका इलाज पीडित लोग विभिन्न हास्पिटलो मे करा रहे है अधिकांश कबाड़ दुकानो मे कबाडी सामान औने पौने दाम पर क्रय किया जा रहा है। कबाड़ खरीदने वाले दुकानदारो के पास रोजाना इतना अधिक कबाड़ शहर व ग्रामीण क्षेत्रो से पहुंच रहा है कि वे अपने गोदाम के अलावा सड़क पर अवैध रूप से कबाडी सामान डंप कर रहे है जिससे लोगो की परेशानी बढ गई है पालिका प्रशासन व पुलिस प्रशासन सड़क पर कबाड़ समान रखकर सड़क यातायात बाधित करने वालो के विरूद्ध तत्काल कठोर कार्यवाही करते हुये नगर के तमाम कबाड़ दुकानो को रेल्वे ओव्हर ब्रिज देवार डेरा के समीप गुरूनानक वार्ड मे स्थानांतरित करने की दिशा मे कार्यवाही करे ताकि आबादी बाहुल्य वार्डो एवं स्थान पर लोग सुरक्षित रूप से आवागमन कर सके।

# सूमा में धीवर समाज का प्रांतीय सम्मेलन संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** निकटवर्ती ग्राम सूमा मे छत्तीसगढ धीवर ढीमर समाज का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक इंन्द्र साव उपस्थित थे। इस दौरान उन्होने कहा कि धीवर समाज मेहनत कश समाज है जो कि मछली पालन व कृषि कार्य मे संलग्न रहकर अपना जीविकोपार्जन करते है समाज को शिक्षित करके आगे बढा जा सकता है। उक्त कार्यक्रम मे पुष्पा गिरधारी जायसवाल, चित्ररेखा धीवर, सुरेश धीवर, रामलाल पेडरिया, पवन धीवर, जगन्नाथ सरपा, पुरूषोत्तम धीवर, संध्या हिरवानी, शोभाराम



फूटान, दुलरवा धीवर, संतोष सोनवानी, दयालू धीवर, दिलीप धीवर, बलराम धीवर, रामटहल धीवर, मनहरण धीवर, भागवत ओझा, राजू धीवर, यादवलाल धीवर, राकेश ओझा, संतोष फरीकार, रेखा फूटान, पुष्पा धीवर, गायत्री, धीवर व पुनीतराम धीवर सहित बडी संख्या मे समाज के महिला पुरूष उपस्थित थे।

# आंबेडकर जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** संविधान निर्माता बाबा भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती पर शहर मे उनके अनुयायियों ने भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। उक्त अवसर पर बाजे गाजे के साथ आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई जो प्रमुख मार्गो के भ्रमण के पश्चात गुरूनानक वार्ड स्थित आंबेडकर प्रतिमा के पास जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा का कांग्रेस भवन के पास विधायक इंन्द्र साव, सतीश अग्रवाल, बसंत भृगु, राजकुमार शर्मा, प्रमेन्द्र तिवारी, चंन्द्रशेखर चक्रधारी, जितेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र वर्मा, प्रशांत गांधी, जीतू शर्मा, ईश्वर सेन, हरीश लहरे, केदार मिश्रा, संतोष दाउ, नवीन बख्श, गन्नू यदू, अरूण यदू, अशोक ध्रुव, त्रिलोक सलूजा, रेवा पारप्पाणी, नेम तिवारी, कुमारी जांगडे, लालू मानिकपुरी, राजा तिवारी, सचिन्द्र शर्मा, मुकेश साहू, मुकेश हेंवार, दीपक निर्मलकर व प्रदीप शर्मा सहित अन्य लोगों ने स्वागत करते हुये शोभायात्रा मे शामिल लोगों को शरबत वितरीत किया।

## संक्षिप्त समाचार

# आदर्श मिडिल स्कूल में न्यौता भोज संपन्न



**भाटापारा।** स्थानीय शासकीय बहुददेशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल से संबंद्ध आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्रो को पेंशनधारी कल्याण संघ द्वारा न्यौता भोज कराया गया। उक्त भोज कार्यक्रम मे कमल नारायण यदू, रघुनाथ पटेल, दिलीप बिसेन, उमराव सिंग रात्रे, वीणा साहू, रमेश वर्मा, नारायण साहू, आशाराम अनंत, हरिराम वर्मा, जयलाल कश्यप, जीवन ठाकुर, गनपत वर्मा, बाबूलाल निषाद, सागर सिंग ठाकुर, मनीराम साहू, अंजलि वर्मा, देवलाल बघमार, अशोक बंजारे, रेणु वर्मा, सरिता सोनी, सरिता शर्मा, प्रकाश बंजारे व सालिकराम सहित अन्य लोग शामिल थे।

# सुरखी स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न



**भाटापारा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सुरखी गांव मे आर्गनाजिंग हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे सभी छात्रों का सिकलिंग टेस्ट, कान, नाक, गले, सर्दी, बुखार, पेट रोग एवं ब्लड ग्रुप सहित अन्य रोगों का जांच किया गया उक्त अवसर पर नेत्र विशेषज्ञ डॉ.किस्मत गुलेरी, डॉ.राजेन्द्र माहेश्वरी, डॉ.साराराम, सेवक राम साहू, अंजू साहू, बिन्दु चौहान वंदना वर्मा, अर्चना, प्रीति देशमुख सहित गांव के सरपंच व अन्य लोग बडी संख्या मे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन इंन्द्राणी साहू द्वारा किया गया।

# कांग्रेस का संकल्प महालक्ष्मी न्याय योजना कार्यक्रम संपन्न



**भाटापारा।** कांग्रेस द्वारा महालक्ष्मी नारी न्याय योजना का फार्म भरवाने का अभियान नयापारा वार्ड मे किया गया। जिसमे कांग्रेस नेता सतीश अग्रवाल, गणेश धुव, सरिता ठाकुर, सुनीता गुप्ता, बसंत भृगु, आलोक मिश्रा, विनोद अग्रवाल, अमर मंडावी, अशोक तिवारी, सावित्री ध्रुव, रानी राजेन्द्र वर्मा, सुनील गुप्ता, मनमोहन कुर्रे, राजा तिवारी, मोहन निषाद, निर्मला कोशले, अभिषेक ठाकुर, भूपेन्द्र धुव व हरीश लहरे सहित सैकडो कांग्रेसजन उपस्थित थे। इस दौरान एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमे आगामी लोकसभा चुनाव मे विकास उपाध्याय को विजयी बनाने का संकल्प उपस्थित कांग्रेसजनो ने लिया।

# हिन्दू नव वर्ष पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** हिन्दू नव वर्ष के प्रारंभ के शुभ बेला मे मंगलवार को अल सुबह एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे बडी तादाद मे श्रद्धालु भक्त शामिल हुये। पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चालानंद सरस्वती द्वारा स्थापित पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी व आनंद वाहिनी के सदस्य जय घोस के नारे के साथ भजन कीर्तन करते हुये शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये रामनाम सप्ताह मंडप पहुंचे उपरोक्त शोभायात्रा मे विजय शर्मा, शिव शर्मा, राजेश शर्मा, राजेश बालाजी, लल्लू शर्मा, सत्यनारायण जोशी, नरेश चौबे, नरेश शर्मा, अनिल चांड़क, मोनू मल, शिव शर्मा, वल्लभ लाहोली, गौरव बावला, नेम तिवारी, प्रमेन्द्र तिवारी, कैलाश शर्मा, रवि गुप्ता, आनंद शर्मा, कल्याण सिंग ठाकुर, गोविंद बिस्सा, लच्छू शर्मा, मयंक बिस्सा व रामजी जोशी सहित अन्य भक्त शामिल थे।




शोभायात्रा

# केंवट समाज का सम्मेलन संपन्न



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** सिंगारपुर मे तरेंगा राज केंवट समाज का सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमे विभिन्न मुददो पर चर्चा करते हुये अनेक प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक मे नशाबंदी एवं आदर्श विवाह को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहन देने पर आम सहमति बनी। उपरोक्त बैठक मे रघुनाथ निषाद, लोकनाथ निषाद, राजकुमार, अजीत निषाद, रामायण, मन्नू, रमेश, शैलेंद्र, रामूराम, चमरू निषाद, देवनारायण, रामलाल, गिरधारी, अरुण, डीगेश्वरी, उर्मिला, अशोक, दिलहरण, विश्वनाथ, विष्णु, पुहुपराम, सहसराम, ईश्वर, रूकेश, नीलकंठ, सुखीराम, तोरण, अजय, देवेश, मनोज, भूपेश, भोला, श्यामरतन, मोहन, मालिकराम व मोहित निषाद सहित स्वजातीय बंधु बडी तादाद मे उपस्थित थे।

# धंवई बोरसी में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुये इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ग्राम धंवई बोरस मे साहू समाज द्वारा निर्मित माता कर्मा की मूर्ति स्थापना व जयंती कार्यक्रम मे क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुये। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये उन्होने भक्त माता कर्मा के बताये गये रास्ते पर चलने का आव्हान करते हुये समाज मे व्याप्त बुराई एवं कुरीतियों को दूर करने का लोगों को संदेश दिया। उक्त अवसर पर श्रीमती लिलेश्वरी साहू, भरत साहू, श्रीमती ममता कमलेश साहू, सहदेव साहू, तिहारू राम साहू, रामसागर साहू व कुलेश्वर साहू सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।



# देवरी में कुर्मी समाज ने मनाया रामनवमी पर्व



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर से पांच किलोमीटर दूर ग्राम देवरी मे स्थित रामजानकी मंदिर मे छत्तीसगढ गंहवई कुर्मी समाज द्वारा रामजन्मोत्सव पर्व मनाया गया इस दौरान पूजा अर्चना के बीच भोग भंडारा का आयोजन भी किया गया। जिसमे सुरेश वर्मा, मोहन वर्मा, नोखेलाल वर्मा, माखन वर्मा, मोहन बाबा, गयाराम वर्मा, ईश्वर वर्मा, गणेश राम वर्मा व एसके वर्मा सहित अन्य लोग बडी संख्या मे उपस्थित थे।

# गर्मी में आम खाने के अनेक फायदे

**आम (मैंगो) और गर्मियों के मौसम का मेल ऐसा लगता है जैसे स्वर्ग में बना हो! इसकी मिठास और रसीला स्वाद और साथ में स्वास्थ्य से जुड़े कई सारे लाभ खुद ही बताते हैं कि आम (मैंगो) को फलों का राजा क्यों कहा जाता है। मैंगिफ़ेरा इंडिका, मैंगो या आम, आयुर्वेद में एक महत्वपूर्ण फल माना जाता है। यह जीनस मैंगिफ़ेरा और एनाकार्डियासी परिवार से संबंधित है जिसकी 30 विभिन्न प्रजातियां होती हैं।**



आम (मैंगो) के सबसे बड़े उत्पादक देशों में भारत का प्रथम स्थान है। भारत आम (मैंगो) की अलग-अलग किस्मों के लिए जाना जाता है जैसे कि रत्नागिरी का अल्फांसो, कर्नाटक का बादामी आम (मैंगो), लखनऊ का दशेरी आम (मैंगो) और गुजरात का केसर आम (मैंगो)। आम खाने में स्वादिष्ट और सेहत के लिए अच्छे होते हैं। इसमें फाइबर, विटामिन, मिनरल और एंटीऑक्सिडेंट जैसे कि मैंगिफ़ेरिन और ग्लूकोसिल ज़ैंथोन भरपूर मात्रा में होते हैं। आइए आम (मैंगो) के कुछ और लाभों के बारे में जानें। स्तन कैंसर सबसे आम कैंसर में से एक है, जो विश्व स्तर पर समय से पहले ही महिलाओं की मृत्यु का कारण बनता है। अब प्राकृतिक उत्पादों को कैंसर रोधी (एंटी-कैंसर) एजेंट की खोज के लिए महत्वपूर्ण स्रोत माना जा रहा है। मैंगिफ़ेरा इंडिका, स्तन कैंसर (ब्रेस्ट कैंसर) को नियंत्रित कर सकता है। बनर्जी एट अल ने 2015 में चूहों में होने वाले स्तन कैंसर ज़ेनोग्राफ़्ट, पर आम (मैंगो) के प्रभाव का पता लगाने के लिए एक अध्ययन किया था। इस अध्ययन से पता चला कि आम (मैंगो) में पाए जाने वाले पॉलीफेनोल्स जैसे कि गैलिक एसिड, गैलॉयल ग्लाइकोसाइड और गैलोटेनिन में स्तन कैंसर को ठीक करने वाली कीमोथेराप्यूटिक क्षमता हो सकती है। इससे पता चलता है कि आम (मैंगो) स्तन कैंसर (ब्रेस्ट कैंसर) को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है।

- **आँखों की रौशनी को बढ़ाए**
- **गर्मियों में लू से बचाव करे**
- **पाचन तंत्र को स्वस्थ रखे**
- **रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए**
- **कील मुहाँसो को कम करे**
- **कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रखे**
- **पौरूष शक्ति बढ़ाए**
- **त्वचा को निखारे**
- **शरीर को शक्तिशाली बनाए**
- **कैंसर से बचाव करे**



हालाँकि, इस तर्क को साबित करने के लिए अभी और ज़्यादा अध्ययन किए जाने की ज़रूरत है। अल्सरेटिव कोलाइटिस एक पुरानी सूजन वाली बीमारी (क्रोनिक इंफ्लेमेटरी कंडीशन) है जो कोलोन और रेक्टम को प्रभावित करती है। आम (मैंगो) में पॉलीफेनोल्स जैसे कि गैलोटेनिन और गैलिक एसिड होने के कारण यह सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। किम एट अल ने 2016 में प्रीक्लिनिकल कोलाइटिस मॉडल में आम (मैंगो) के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों का पता लगाने के लिए एक अध्ययन किया था।

# हर्बल ड्रिंक को डाइट में शामिल कर लिया तो होंगे इतने सारे फायदे

हर सुबह ज्यादातर लोग दूध वाली चाय या कॉफी पीना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप अपने रूटीन में हर्बल ड्रिंक को शामिल करते हैं तो भले ही इसका स्वाद आपको पसंद ना आए।



लेकिन ये शरीर को कई तरीके से फायदा पहुंचाता है। हर्बल ड्रिंक फिर चाहे सिनेमन टी हो या फिर जिंजर टरमरिक टी इसे पीने के कई सारे फायदे हैं।

## मेटाबॉलिज्म इंप्रुव करती है हर्बल ड्रिंक

बेली फैट का ज्यादातर कारण मेटाबॉलिज्म सिस्टम का कमजोर होना होता है। हर्बल ड्रिंक पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म सिस्टम सही होता है और बेली फैट को घटाने में मदद मिलती है।

## डाइजेशन पर असर

जब आप जीरा वाटर या फिर जिंजर टी या अजवाइन से बनी कोई हर्बल ड्रिंक को पीते हैं। तो इसका सीधा असर डाइजेशन पर पड़ता है। ब्लॉटिंग, गैस, एसिडिटी और कब्ज जैसी समस्या से राहत मिलती है और डाइजेशन सही होता है।

## डायबिटीज को कंट्रोल करता है

मेथी से बनी ड्रिंक पीने से ब्लड शुगर लेवल को मैनेज करने में मदद मिलती है। जिससे डायबिटीज नॉर्मल रेंज में बना रहता है और आप हेल्दी रह पाते हैं।

## भूख पर कंट्रोल

ब्लड शुगर लेवल के ऊपर नीचे होने से एनर्जी लॉस होता है और भूख लगती है। दालचीनी या मेथी ड्रिंक पीने से ये समस्या खत्म होती है और भूख पर कंट्रोल होता है।

## लिवर डिटॉक्स करने में मदद

फैटी लिवर की समस्या से परेशान लोगों के लिए जिंजर लेमन टी, टरमरिक टी और किशमिश वाटर पीने से फायदा होता है। लिवर में जमा टॉक्सिंस आसानी से बाहर निकलते हैं और लिवर फंक्शन नॉर्मल होता है। इसलिए मॉर्निंग रूटीन में अपनी समस्याओं से जुड़ी हर्बल ड्रिंक पीने से फायदा होता है।

# तरबूज खा रहे हैं तो इसके बाद न करें ऐसी गलती, वरना सेहत को होगा भारी नुकसान



तरबूज खाना बहुत से लोगों को पसंद होता है. गर्मियों में इसका सेवन भी खूब होता है. तरबूज खाने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं. हालांकि, तरबूज खाने के बाद कुछ चीजों का सेवन भूलकर भी नहीं करना चाहिए. इससे पेट की कई समस्याएं हो सकती हैं. एसिडिटी, गैस जैसी तकलीफें बढ़ सकती हैं. यहां चार ऐसी चीजों के बारें में आपको बता रहे हैं, जिसे कभी भी वॉटरमेलन खाने के बाद नहीं खाना चाहिए...

**दूध**- तरबूज खाने के बाद कभी भूलकर भी दूध नहीं पीना चाहिए. ऐसा करना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है. दरअसल, तरबूज में विटामिन सी पाया जाता है, जो दूध के साथ मिलकर रिएक्शन कर सकता है. इससे ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है. खराब डाइजेशन और बदहजमी की शिकायत भी हो सकती है. इसलिए तरबूज और दूध का कॉम्बिनेशन अच्छा नहीं माना गया है.

**नमक**- तरबूज के बाद या इसके साथ कभी भी नमक नहीं खाना चाहिए. ऐसा करना हानिकारक हो सकता है. तरबूज के साथ नमक खाने से इसके पोषक तत्व शरीर में सही तरह अवशोषित नहीं हो पाते, जिससे ब्लड प्रेशर कम या ज्यादा हो सकती है और हार्ट की समस्या बढ़ सकती है.

**हाई प्रोटीन फूड्स**- तरबूज खाने के बाद कभी भूलकर भी हाई प्रोटीन फूड्स नहीं खाने चाहिए, वरना लेने के देने पड़ सकते हैं. डॉक्टर बताते हैं कि तरबूज में विटामिन और रफेज होने के साथ स्टार्च भी पाई जाती है, जो पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकती है. इससे कई और समस्याओं भी परेशान कर सकती हैं.

**अंडा**- अंडा और तरबूज दोनें का सेवन कभी भी एक साथ नहीं करना चाहिए. दरअसल, दोनों की तासीर अलग-अलग होती है, जिससे ब्लोटिंग और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं. दोनों पेट में जाकर एक-दूसरे को पचने नहीं देते हैं. इससे पाचन से जुड़ी प्रॉब्लम्स हो सकती हैं.

## बेहद अद्भुत होता है यहां का सूर्योदय

अंगकोर वाट मंदिर को दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर कहा जाता है। बता दें कि इटली के पोम्पेई को पीछे छोड़ते हुए अंगकोर वाट मंदिर दुनिया का आठवां अजूबा बन गया है। आइए इस मंदिर की कुछ अहम बातों के बारे में जानते हैं।

# भगवान विष्णु को समर्पित है अंगकोर वाट मंदिर



भारत देश अपनी संस्कृति और इतिहास के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। भारत की संस्कृति और पुरातन संस्कृति की झलक पूरे विश्व में देखने को मिलती है। इसका एक उदाहरण कंबोडिया के मध्य में स्थित अंगकोर वाट मंदिर है। इस मंदिर को दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर कहा जाता है। बता दें कि इटली के पोम्पेई को पीछे छोड़ते हुए अंगकोर वाट मंदिर दुनिया का आठवां अजूबा बन गया है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बेहद खूबसूरत मंदिर से जुड़ी कुछ बातों के बारे में जानकारी देने जा रहे है।

### भगवान विष्णु को समर्पित है मंदिर

मुख्य रूप से अंगकोर वाट मंदिर भगवान श्रीहरि विष्णु को समर्पित था। हांलाकि बाद में यह मंदिर बौद्ध मंदिर बन गया।

मंदिर के मध्य भाग में कमल के आकार की पांच मीनारें बनी हैं, जो सनातन धर्म की खूबसूरती को दर्शाने का काम करती हैं। साथ ही यह मीनारें हिंदू और बौद्ध मान्यताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस मंदिर की दीवारों पर हिंदू और बौद्ध इतिहास की कहानियों की भी झलक देखने को मिलती है।

### बेहद विशाल है यह मंदिर

*राजा सूर्यवर्मन द्वितीय ने 12वीं शताब्दी में अंगकोर वाट मंदिर का निर्माण करवाया था। इस मंदिर का विश्व स्तर पर एक प्रसिद्ध स्थान है और इसने दुनिया के आठवें अजूबे के रूप में पोम्पेई का स्थान ले लिया। अंगकोर वाट मंदिक एक विशाल धार्मिक स्मारक होने के साथ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल है। जो करीब 500 एकड़ में बना हुआ है।*

### अंगकोर वाट मंदिर से जुड़ी अहम बातें

*बता दें कि अंगकोर वाट मंदिर की डिजाइन बेहद प्रभावशाली है। साथ ही मंदिर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह एक सक्रिय धार्मिक स्थल है। जहां पर बौद्ध भिक्षु प्रार्थना और ध्यान करने के लिए आते हैं। इस मंदिर के टावरों पर सूर्योदय देखने को मिलता है। जो नारंगी, गुलाबी और सोने जैसे खूबसूरत रंगों से वहां की सुंदरता को बढ़ाने का काम करता है। यह मंदिर कंबोडिया के समृद्ध और खुशहाल इतिहास का प्रतीक माना जाता है।*

# सूर्य को जल चढ़ाने से भाग्य का मिलता है साथ

रविवार का दिन सूर्यदेव को समर्पित होता है। वहीं सूर्य देव को रोजाना जल चढ़ाने से आंख की रोशनी अच्छी होती है। वहीं सूर्य देव अपने भक्तों से प्रसन्न होकर उन्हें धन-धान्य, पुत्र, मित्र, यश और वैभव प्रदान करते हैं।



हिंदू धर्म में सूर्य को देवता का स्थान प्राप्त है। सूर्य के बिना धरती पर अंधकार छा जाता है। वहीं सूर्यदेव को जल अर्पित करने के अनगिनत फायदे होते हैं। सूर्य को जल अर्पित करने से न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक लाभ प्राप्त होता है और आर्थिक उन्नति मिलती है। सूर्य अच्छी सेहत और जीवन शक्ति का भंडार है। बताया जाता है कि आप सूर्य के प्रभाव में जितना अधिक रहेंगे आप उतना ही अधिक सेहतमंद रहेंगे।

हांलाकि आजकल लोग सूर्य के प्रकाश को रोकने के लिए चारों तरफ से खिड़कियां-दरवाजे बंद रखते हैं। इसी वजह से शरीर में विटामिन डी की कमी होती है और अन्य कई रोग हमें घेर लेते हैं। सूर्य के प्रकाश का और सूर्य को जल अर्पित करने का अपना धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व है।

### वैज्ञानिक महत्व और लाभ

विज्ञान के मुताबिक सूर्य को जल अर्पित करने के दौरान जब हम पानी की धाराओं में से सूर्य की तरफ देखते हैं। तो उससे निकलने वाली 7 तरह




क ी किरणें हमारी आंखों पर पड़ती हैं। इन किरणों से आंखों को लाभ मिलता है और आंख की रोशनी अच्छी होती है। साथ ही आंखों का रंग भी नेचुरल बना रहता है। बता दें कि जो लोग रोजाना सूर्य को जल चढ़ाते हैं, उनको आंख संबंधी रोग नहीं होते हैं। वहीं सूर्य से विटामिन डी प्राप्त होता है, जो हमारी हड्डियों को मजबूत बनाता है।

### सूर्य को ऐसे करें मजबूत

*आपको बता दें कि रोजाना सूर्य को जल अर्पित कर आप कुंडली में सूर्य की स्थिति को मजबूत बना सकते हैं। इससे सूर्य देव प्रसन्न होकर अपने भक्तों के संकटों को हर लेते हैं। साथ ही धन-धान्य, पुत्र, मित्र, आरोग्य, यश, तेज, कांति, विद्या, वैभव और सौभाग्य प्रदान करते हैं। सूर्य देव की विशेष कृपा पाने के लिए रोजाना जल अर्पित करने के साथ ही हर रविवार या फिर किसी भी महीने की शुक्ल पक्ष के रविवार को नदी या बहते जल में गुड़ और चावल प्रवाहित करने चाहिए।*

### धार्मिक महत्व और लाभ

*अथर्ववेद के एक मंत्र के अनुसार, सूर्य औषधि बनाने में सहायक है। सूर्य विश्व में प्राण स्वरूप विद्यमान है और यह अपनी किरणों से जीवों के स्वास्थ्य को अच्छा रखता है। रविवार का दिन सूर्य को समर्पित होता है और भगवान सूर्य सप्तमी तिथि के देवता है। सूर्य देव को जल अर्पित करते समय ऊं घृणि सूर्याय नमः या ऊँ आदित्याय नमः मंत्र का जाप करना चाहिए। बता दें कि सूर्य को भाग्य का कारक माना जाता है। जिन जातकों की कुंडली में सूर्य की स्थिति कमजोर होती है। उनके सरकारी कार्यों में रुकावट आती है और व्यापार नहीं सही चलता है। कार्यस्थल पर हमेशा उच्च पदाधिकारियों से अनबन होती रहती है।*

# गांधी परिवार का षड़यंत्र और देश का भविष्य देखकर मतदान करें - संतोष पांडे

**राजनांदगांव। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे ने आज अपने जनसम्पर्क दौरे में कहा कि कांग्रेस को वोट देना मतलब लोकतंत्र को कमजोर करना होगा, क्योंकि कांग्रेस की सोनिया और राहुल गांधी का परिवार देश को तोड़ने व बाटने में लगे हुए हैं, गांधी परिवार ने लोकतंत्र की पहली हत्या तब की जब सरदार वल्लभभाई पटेल और नेहरू के सार्वजनिक चयन में नेहरू को एकमात्र वोट मिला था, परंतु देश का दुर्भाग्य की नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया। और जो लोग कांग्रेस में रहकर देश के लिए कुछ करना चाहते हैं उन्हें सुनियोजित षड्यंत्र के तहत रास्ते से हटा दिया जाता है।**





पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की मृत्यु के बाद कांग्रेस मुख्यालय का गेट नहीं खोला गया था। अहमद पटेल,सोनिया गांधी ने यह कहते हुए गेट नहीं खोला कि चाबी गुम हो गई है। इतना ही नहीं, भारत रत्न नरसिम्हा राव के शव का अंतिम संस्कार दिल्ली में करने की इजाजत तक न मिली। हार कर हैदराबाद ले जाकर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इतना तुच्छ व्यवहार करने वाला यह परिवार किस मुंह से संस्कारों की बात करता है। सीताराम केसरी के साथ क्या हुआ था। तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को विदेश में साजिश के तहत मारा गया था और उनके शव का बगैर पोस्टमॉर्टम किए अंतिम संस्कार कर दिया गया। आखिर, पोस्टमॉर्टम से किसे डर लग रहा था। देश को सच्चाई जानने से क्यों रोका गया। लालबहादुर शास्त्री जिंदा होते तो भारत की तस्वीर अलग होती। भ्रष्टाचारियों और दलालों पर लगाम लग जाती। सबसे बड़ी नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री न बनती।इस सबने साजिश के तहत शास्त्री जी को मौत की जांच नहीं होने दिया। देश का एक प्रधानमंत्री विदेश में साजिश के तहत मारा जाता है और लोग चुप्पी साध लेते हैं, जैसे कुछ हुआ ही न हो। 1962में चीन से बुरी हार, नेहरू की मृत्यु और शास्त्री जी का प्रधानमंत्री बनना। अमेरिका से मिले अत्याधुनिक हथियारों के दम पर पाकिस्तान ने चीन की शह पर भारत पर आक्रमण किया था, लेकिन ठिगने कद के शास्त्री जी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को छठी का दूध याद करा दिया। भारतीय सेना लाहौर तक पहुंच गई थी। शास्त्री जी के निजी चिकित्सक की दिल्ली के करनाल बाइपास में ट्रक से कुचलकर हत्या कर दी गई, ताकि वो इसका खुलासा न कर दें। वो प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए शास्त्री जी की आकस्मिक मृत्यु का खुलासा करना चाहते थे। 1975-1977 में राजनारायण की अध्यक्षता में शास्त्री जी की आकस्मिक मृत्यु के संबंध में जांच आयोग का गठन किया गया, जिसकी रिपोर्ट राज्यसभा जैसे अतिसुरक्षित जगह से गायब कर दी गई। आरटीआई से प्राप्त सूचना में यह जानकारी हासिल हुई। शास्त्री जी की मृत्यु संदेहास्पद रही है और बगैर पोस्टमॉर्टम शव का अंतिम संस्कार किया जाना अपने आम में संदेह पैदा करता है। इन लोगों ने सुभाषचंद्र बोस को जीते जी मार दिया था। हाल ही में अमेरिका की नामी हस्तलिपि की जांच करने वाली एक एजेंसी ने बताया है कि दरअसल, गुमनामी बाबा ही सुभाषचंद्र बोस थे। संतोष पांडे ने कहा की श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मृत्यु भी संदेहों के घेरे में रही है। वे कश्मीर में एक देश एक झँडा के संबंध में आंदोलनरत थे। इसी तरह कांग्रेस जमाने के रेल मंत्री ललित नाराण मिश्र को समस्तीपुर में बम मार कर हत्या कर दी गई। बिडंवना देखिए कि रेल मंत्री को बम मारे जाने के बाद जिस ट्रेन से पटना ले जाया गया. वह शंटिंग में ही 1.30 घँटे खड़ी रही और रोक-रोक कर पटना ले जाया गया।

दानापुर में मृत्यु हो जाने पर उन्हें उतार लिया गया, जबकि समस्तीपुर से दरभंगा मेडिकल कॉलेज की दूरी मात्र 30 मिनट की है। एक रेल मंत्री को इस तरह से दर्दनाक मौत साजिश के तहत हुई। सीबीआई ने 37 सालों तक जांच के नाम पर नौटंकी की और अंत में 4 आनंदमार्गियों को फँसा दिया, जिनका इससे कुछ लेना-देना नहीं था। श्री पांडे ने आरोप लगाया की गांधी परिवार ने देश में भ्रष्टाचार और परिवारवाद की नींव डाली और उसे सिंचित किया। देश के पहले घोटाला- जीप घोटाला के आरोपी को नेहरू ने रक्षा मंत्री बना दिया। इसका नतीजा चीन से बुरी हार मिली। नेहरू के भ्रष्टाचार के पौधे को इंदिरा ने खूब सिंचित किया और इसे सरकारी मुहर लगा दी। राजीव गांधी ने भोपाल गैस कांड के आरोपी वारेन एंडरसन को सुरक्षित देश से भगा दिया तो बोफोर्स कांड के आरोपी ओट्टावियो क्वात्रोच्चि को प्रत्यार्पण से लेकर सजा से न सिर्फ बचाया, बल्कि ब्रिटेन के बैंक में जब्त रकम भी निकालने की छूट दे दी।

श्री संतोष पांडे ने कहा कि जो कांग्रेसी एवं तथाकथित ऐसी मानसिकता के लोग यह सोचते हैं कि मेरे एक वोट देने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा तो उन्हें यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कांग्रेस को दिया गया एक वोट ऐसे गांधी परिवार को मजबूत करेगा जिन्होंने देश को तोड़ने का लगातार षड्यंत्र किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बार का चुनाव अपने आप में विशिष्ट है जो देश की तकदीर को तय करने जा रहा है इसलिए गांधी परिवार के इतिहास और भारत के भविष्य को देखते हुए आपका वोट बहुत कीमती है, उन्होंने कहा की वोट जरूर दें कमल फूल छाप का बटन दबाए। तभी देश प्रगति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकेगा।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने लालबहादूर नगर मण्डल के अंतर्गत मुँदगाँव,रेंगाकठेरा, डुंडेरा, खल्लारी, बड़े मुड़पार, जामरी, छोटे मुड़पार, मुरमुन्दा, राका, चिददो, कल्याणपुर, गाजमर्रा, भोथली, बिच्छीटोला, सेंदरी, ठाकुरटोला, मड़ियान, झिंझारी, खुबाटोला, मक्काटोला, गोविन्दपुर व झंडातालाब आदि ग्रामों में जनसम्पर्क कर चुनावी सभाओं को संबोधित किया इस दौरान श्री पांडे का ग्रामों में अभूतपूर्व स्वागत हुआ आम लोग उन्हे सुनने पहले से मौजूद रहें। श्री पांडे ने महतारी सम्मान कार्यक्रम के तहत सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं को श्रीफल भेट कर नारी शक्ति को नमन कर उनका सम्मान किया।



# 300 कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल

रायपुर। भाजपा सरकार के सुशासन के चलते विभिन्न राजनीतिक दलों, धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों के लोग लगातार भाजपा में शामिल हो रहे है।



रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ब्रिजोमाहन अग्रवाल जनसंपर्क के दौरान मंदिर हसौद के खौली गांव में कांग्रेस, जनता जोगी कांग्रेस के पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच समेत विभिन्न संगठनों के 300 से लोग भाजपा में शामिल हुए। बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य कल्पना पवित्र साहू, पंच प्रेमदास बघेल,पंच लालाराम बघेल, मनीष रात्रे,नरेन्द्र बांदे,जीतराम कोशरिया, टिकेशवर कोटरे, सेतकुमार कुरै, अनिल सोनवान, भावसिंग बारले राजकुमार मारली, गजानंद साहु नराका गायकवाड,वेदप्रकाश साहु

विकास भानिकपुरी, नेतराम भापन घनश्याम मारको समेत 300 से ज्यादा लोगों को अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में स्वागत किया। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, भाजपा सबका साथ सबका विकास पर काम कर रही साथ ही पार्टी की राष्ट्रहित की नीतियों के चलते ही लोग भाजपा में आ रहे है। बृजमोहन अग्रवाल ने सभी को बधाई देते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने और जनता तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, श्याम नारंग, संजय ढीढी, सुनील मिश्रा समेत पार्टी के वरिष्ठनेता भी उपस्थित रहे।

# शिशुपाल शोरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल




**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में चल रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकसित भारत के संकल्प से प्रभावित होकर गुरुवार को कांकेर के पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी सहित सैकड़ों राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में प्रवेश किया। लोकसभा के लिए प्रथम चरण में होने जा रहे बस्तर लोकसभा में मतदान से ठीक एक दिन पहले बस्तर में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। प्रदेश में भाजपा प्रवेश का सिलसिला लगातार जारी है। भाजपा प्रवेश उत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवप्रवेशी भाजपा सदस्यों को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया। भाजपा के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पहले आयोजित प्रवेश उत्सव में पूर्व विधायक कांग्रेस विधान मिश्रा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, कांग्रेस के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, जगदलपुर महापौर सफीरा साहू, पूर्व महापौर वाणी राव, जिला पंचायत अध्यक्ष महासमुंद उषा पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिता रावटे, विष्णु यादव, जोगी कांग्रेस यूथ विंग प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू, पूर्व मंत्री हरिदास भारद्वाज, मंतूराम पवार, राजेन्द्र कुमार लुंकड़, बिलासपुर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चैहान, राजा नीलेन्द्र बहादुर जैसे दिग्गज पहले भी भाजपा में प्रवेश कर चुके है। भाजपा में प्रवेश कार्यक्रम में गुरुवार को जिन लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली है, उनमें प्रमुख रूप से कांग्रेस के दिग्गज नेता शिशुपाल सोरी, विजय गुरु की सुपुत्री प्रियंका गुरु, चंद्रप्रकाश वाजपेई, कांग्रेस की बिलासपुर लोकसभा की जिम्मेदारी संभाल रहे, संतोष कौशिक, दंतेवाड़ा से जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुभाष सुराना,शरद रण सिंह सहित 700 से ज्यादा लोगों ने भाजपा प्रवेश किया।

सीएम विष्णुदेव साय का कांग्रेस पर करारा प्रहार

# नक्सलियों के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का खात्मा जरूरी -मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दो टूक लहजे में कहा है कि नक्सलियों को शहीद बताने वाले, 29 नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे जाने को फर्जी एनकाउंटर बताने वाले और मुठभेड़ की जांच की मांग करने वाले कांग्रेसी अब यह साफ-साफ जान लें कि बस्तर की जनता विकास की समर्थक है.



सीएम साय ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया कि नक्सलियों के खात्मे के लिए कांग्रेस का खात्मा जरूरी है और इसकी शुरुआत बस्तर की जनता कल 19 अप्रैल को करने जा रही है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट किया कि कांकेर मुठभेड़ को लेकर जिस तरह के बयान कांग्रेस नेताओं ने दिए हैं, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि नक्सलियों को पाल-पोसकर संरक्षण देने का काम कांग्रेस हमेशा करती रही है जो अब बस्तर की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी. नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के निर्दोष बेटों के खून से बस्तर की धरती को लाल किया है. सीएम साय ने कहा कि लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेस के सफाए के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है।

# सरोज पांडे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में जमा किया नामांकन

भाजपा की बढ़ती हुई ताकत का विजय शंखनाद नामांकन रैली में दिखा असर

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीयो व विधायको के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंच जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रथम बार कोरबा पहुंचे मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रेस से मुखातिब होते हुए कहा की इस लोकसभा 2024 चुनाव में प्रदेश में आम नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं में अत्यंत उत्साह देखने को मिल रहा है एवं भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश के 11 में से 11 लोकसभा सीटों पर जमाएगी कब्जा , जो एक ऐतिहासिक पल होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहां की पांच साल की सरकार को जनता कितना भरोसा करती हैं यह विधानसभा चुनाव के नतीजे आप के सामने है। विजय शंखनाद नामांकन रैली में वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, वाणिज्य व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री बिहारीलाल जायसवाल, युवा नेता प्रबल प्रताप सिंह ,सरगुजा विधायक रेणुका सिंह, लोकसभा प्रभारी धर्मलाल कौशिक अनेक विधायक व भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ सहित लगभग 20 हजार लोग उपस्थित रहें।



**डॉ. सरोज पांडेय को भारी मतो से एतिहासिक विजय दिलाने भाजपा कार्यकर्ताओ ने भरी हुंकार**



# गणगौर पूजन 16 दिन के उत्सव के बाद धूमधाम से विसर्जन





थान खमरिया। गणगौर महोत्सव एक पारंपरिक हिंदू उत्सव है जो देवी पार्वती जिन्हें गौरी के नाम से जाना जाता है और भगवान शिव को समर्पित है वैवाहिक सुख और पति-पत्नी के बीच प्रेम का प्रतीक है गणगौर त्यौहार विवाहित वह नव विवाहित महिलाएंके लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि वह अपने पतियों के स्वस्थ जीवन और स्वस्थ वैवाहिक संबंधों के लिए देवी पार्वती की पूजा करती हैं ।

भगवान शिव जैसा सबसे अच्छा पति पाने के लिए कुंवारी लड़कियां भी पूजा और गणगौर उत्सव में भाग लेती हैं माता पार्वती ने भी 15 दिन कठिन तपस्या की थी गणगौर व्रत गोरी तृतीया के दिन यानी चैत शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बाटा था इसलिए महिलाएं इस दिन श्रद्धा भाव से गणगौर की पूजा करती हैं । होलिका दहन से प्रारंभ होकर गणगौर पूजन बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी नृत्य करते हुए राधा कृष्ण जमात मंदिर से प्रारंभ होकर मुरारका चौक होते हुए शिव सरोवर में विसर्जन किया गया इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी प्रमुख रूप से माया सिंघानिया पुष्पा सिंघानिया ,स्मृति सिंघानिया, इंदु केडिया , सीमा सिंघानिया , निका सिंघानिया , अस्मिता सिंघानिया , मुस्कान बंसल , पलक अग्रवाल , साक्षी बंसल , वैदेही बिंदल , बसु सिंघानिया ,अदिति अग्रवाल , पिंकी केडिया , माही बंसल , प्रीति मुरारका , रीना सिंघानिया , चंचल सिंघानिया , रेखा जोशी ,ममता जोशी , लता शर्मा ,कल्पना अग्रवाल, श्रद्धा सिंघानिया , सीमा बंसल , नेहा केडिया , सैकड़ो की संख्या में अग्रवाल समाज की महिलाएं शामिल हुई।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आयोजित

# राजनीति में मारवाड़ियों की वर्तमान स्थिति पर एक संगोष्ठी

## समाज को संगठित होकर रहने की अत्यधिक आवश्यकता है- गुलाब कोठारी

**कोलकत्ता।** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आयोजित। राजनीति में मारवाडियो की वर्तमान स्थिति पर एक संगोष्ठी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया के अध्यक्षता में गत शनिवार को सम्मेलन के केंद्रीय सभागार में संपन्न हुई। इस सभा को संबोधित करते हुए प्रबुद्ध विचारक एवं राजस्थान पत्रिका के मुख्य संपादक श्री गुलाब कोठारी ने कहां समाज को संगठित होकर रहने की अत्यधिक आवश्यकता है। अपनी पहचान बनाने के लिए हमें अपने अंदर के बिखराव को दूर करना होगा। राजस्थानियों का देश के सभी भागों में महत्वपूर्ण सामाजिक एवं आर्थिक योगदान रहा है एवं वे जहां भी बसे हैं वहां पर अपने योगदान से स्थानीय समाज एवं स्थानीय प्रदेश को मजबूती प्रदान की है। उन्होंने आगे कहा कि अभी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य नौकरी पाना एवं अपनी रोजी-रोटी कमाना हो गया है न की ज्ञान प्राप्त करना। अभी इंसान को इंसान बने रहना एक चुनौती हो गई है। हमारी शिक्षा पद्धति इस प्रकार से घड़ी गई है कि हम अपनी संस्कार संस्कृति को भूल करके अंग्रेजी एवं अंग्रेजियत को अपनाते जा रहे हैं। इस दिशा में हमें संशोधन करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के प्रथम में सम्मेलन की ओर



से डॉ. कोठारी का स्वागत-सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने कार्यक्रम की आगाज करते हुए कहा कि आज पश्चिम बंगाल और देश के अन्य भागों में 1946 से लेकर 1977 तक विधायक या सांसद के रूप मे समाज का प्रतिनिधित्व रहता था किंतु उसके बाद से दिखाई नहीं दे रहा है। इस बारे में समाज को सोचना है और समाज किस तरह से स्थानीय समाज से जुड़कर के राजनीति में अपनी पैठ बनाएं इसके बारे में सोचना है।



उन्होंने इस बात की ओर ध्यान आकृष्ट किया कि एक सर्वे के अनुसार वर्तमान में जो 18-19 साल के युवक है उनमे से सिर्फ 38% युवकों ने ही मतदाता के रूप में अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है।



यह एक चिंता का विषय है। मतदान के प्रति उदासीनता नए युवकों की उदासीनता को का कारण हमें समझना चाहिए। सम्मेलन के राजनीतिक चेतना उपसमिति के चेयरमैन श्री नंदलाल सिंघानिया एवं सेमिनार उपसमिति के चेयरमैन श्री नरेंद्र तुलस्यान जी ने श्री कोठारी का परिचय दिया एवं कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री दिनेश जैन ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल प्रादेशिक महिला मारवाड़ी सम्मेलन की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती विनीता अग्रवाल का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष कुमार सराफ, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री पवन कुमार जालान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री केदार नाथ गुप्ता, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्री भानीराम सुरेका, वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन श्री आत्माराम सोंथलिया,पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नंद किशोर अग्रवाल, संयोजक राजनीतिक चेतना उपसमिति श्री पवन बंसल, सर्वश्री बंशीधर शर्मा, जुगल किशोर जाजोदिया, बृज मोहन गाड़ोदिया, हरि किशन चौधरी, जय प्रकाश सेठिया, रघुनाथ झुनझुनवाला, शंकर लाल कारिवाल, डॉ. विजय केजरीवाल, प्रदीप सिंघानिया, महावीर प्रसाद बजाज, घनश्याम सुगला, अमित कुमार कहाली, पीयूष केयाल, प्रवीण जैन, राजेंद्र प्रसाद मोदी, मोहन लाल पारीक, अरविंद मुरारका, प्रदीप जीवराजका, प्रमोद जैन, श्रीमती कंचना ड्रोलिया, श्रीमती नीलू अग्रवाल, विनीत शर्मा, अंशुमन सेठ, के. सेठ, अनूप अग्रवाल, सज्जन बेरीवाल, राजीव कुमार अग्रवाल, सुभाष चंद गोयनका, विष्णु अग्रवाल, शिशिर शर्मा, भुवनेश जैन, आकाश पोद्दार, जितेंद्र शर्मा, अरुण शर्मा, पुरुषोत्तम अग्रवाल, गोपाल मोहन केडिया, श्रीगोपाल अग्रवाल, नथमल भीमराजका, प्रदीप कुमार तोदी, शरद श्रॉफ, प्रकाश चंद नाहर, नवीन खेमका, सीताराम अग्रवाल, शशि कांत शाह, एम.पी.बजाज, अरुण प्रकाश मल्लावत, ओम प्रकाश बांगड़, निर्मल मिश्रा, आनंद कुमार शर्मा, हरीश कुमार शर्मा, जीतेंद्र जितांशु, भागीरथ सारस्वत, रोहित मोर, जगदीश, अशोक पुरोहित, नथमल भीमराजका, शिशिर शर्मा, ओम प्रकाश बांगड़ उपस्थित थे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in